

दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-22 अंक-03 सीहोर, गुरूवार 13 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में मौजूद है निवेश की अपार संभावनाएं : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

## -मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश-नीतियां निवेश के लिए फ्रेंडली
## -उद्योगपतियों के साथ वन-टू-वन और राउण्ड टेबल मीटिंग हुई





भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में हर सेक्टर में निवेश की अपार संभावनाएं मौजूद है। यहां नर्मदा, ताप्ती आदि नदियों की अपार जल राशि है, निरंतर बिजली उपलब्ध है, वन संपदा है, सड़कों, रेलवे और वायु मार्ग का अच्छा नेटवर्क है और उद्योगों को बड़ी रियायतें हैं। मुख्यमंत्री ने आगामी 24 एवं 25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में झीलों, पहाड़ों और वन संपदा से युक्त सुंदर भोपाल शहर में आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में अधिक से अधिक निवेश करें और इन तारीखों को अविस्मरणीय बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नई दिल्ली में जीआईएस-2025 के कर्टेन रेजर कार्यक्रम में उद्योगपतियों को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारे देश के चमत्कारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था के बाद अब तीसरी आर्थिक शक्ति बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इस कार्य में निवेशकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत प्राकृतिक संसाधनों के साथ मानव संसाधन में भी आगे है। हम उद्योगों को बढ़ाकर ही आगे बढ़ सकते हैं। हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी विश्व भर का भ्रमण कर भारत की प्रगति के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की उद्योग एवं निवेश नीति निवेशकों के लिए बहुत फ्रेंडली है। हम स्टार्ट-अप्स को विशेष महत्व दे रहे हैं। उद्योगों में विभिन्न प्रकार की रियासतों के साथ ही इस बात का सर्वाधिक ध्यान रखा जाता है कि उनके सारे काम समय से हो जाएं। मध्यप्रदेश में जमीन दिल्ली की तुलना में एक बटे 40 गुना और मुंबई की तुलना में एक बटे 100 गुना सस्ती है। मध्यप्रदेश में सभी सेक्टर में विशेष रूप से टेक्सटाइल के क्षेत्र में निवेश की असीमित संभावना है। हम टेक्सटाइल्स पर 200 प्रतिशत इंसेंटिव देते हैं, हमारा कॉटन उच्च गुणवत्ता का है।

मेरी जापान यात्रा के दौरान यूनिक्लो कंपनी के मलिक ने भी इस बात का उल्लेख किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक समय लोग उद्योगपतियों से मिलने में झिझक महसूस करते थे, लेकिन हमने उस धारणा को बदला है। हम निरंतर उद्योगपतियों, निवेशकों से संवाद कर रहे हैं। प्रदेश में छोटे-छोटे स्थान पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की गई हैं। समाज में उद्योगपतियों का महत्वपूर्ण स्थान है। उद्योगों से रोजगार उत्पन्न होते हैं और रोजगार से लोगों की आजीविका चलती है। वे एक तरह से उद्योगपति समाज के पालक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज दुनिया कह रही है कि हम बुद्ध के रास्ते पर चलकर युद्ध से विमुक्त होंगे। महात्मा बुद्ध हमारे ही देश के थे। भारत ने ही सारे विश्व को शांति और सर्व कल्याण का संदेश दिया है। हम शांति और विकास के पक्षधर हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जीआईएस-2025 के दिल्ली में इन्वेस्ट एम.पी. कर्टेन रेजर कार्यक्रम में कहा कि भोपाल में 24-25 फरवरी को होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का कर्टेन रेज़र केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न होकर संभावनाओं से भरपूर, सशक्त और समृद्ध मध्यप्रदेश की एक झलक थी। हमारे निवेश के 3डी मॉडल को आज दुनिया भर के उद्योग जगत ने सराहा है।




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मार्सिले में भारत के महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।

## 1984 सिख विरोधी दंगा मामले में सज्जन कुमार दोषी करार, 18 को सुनाई जा सकती है सजा

नई दिल्ली (आरएनएस)। 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। खबर यह है कि दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सज्जन कुमार को दोषी करार दिया है। सज्जन कुमार को सरस्वती विहार इलाके में दो लोगों की हत्या के लिए दोषी ठहराया गया है। अब 18 फरवरी को सज्जन कुमार की सजा को लेकर बहस होगी।यह केस 1 नवंबर 1984 को दिल्ली के सरस्वती विहार इलाके में एक सिख पिता और बेटे की हत्या से संबंधित है। इस मामले में सज्जन कुमार पर भीड़ का नेतृत्व करने का आरोप है। आरोप है कि उनके उकसावे पर भीड़ ने पिता-पुत्र को जिंदा जला दिया। इसके बाद पीड़ितों के घर में लूटपाट की गई और घर में मौजूद दूसरे लोगों को घायल कर दिया गया।

# माघ पूर्णिमा में उमड़ा कुंभ में आस्था का सैलाब..करीब 2.5 करोड़ लोगों के स्नान का अनुमान

## -श्रद्धालुओं पर हेलिकॉप्टर से फूल बरसाए



प्रयागराज,(ए)। प्रयागराज महाकुंभ में माघ पूर्णिमा अवसर पर स्नान करने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एकत्र हुई। संगम से 15 किमी तक चारों तरफ श्रद्धालुओं का रेला लगा हुआ है। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर 12 बजे तक 1.59 करोड़ लोग स्नान कर चुके हैं। अनुमान है कि बुधवार को माघ पूर्णिमा के दिन 2.5 करोड़ श्रद्धालु डुबकी लगाएंगे।

योगी सरकार के द्वारा श्रद्धालु पर हेलिकॉप्टर से 25 क्विंटल फूल बरसाए गए। प्रयागराज जाने वाले रास्तों में भीषण जाम के बाद ट्रैफिक प्लान में बदलाव हुआ है। प्रयागराज शहर में वाहनों का प्रवेश बंद है। मेला क्षेत्र में भी कोई भी वाहन नहीं चलेगा। इसके बाद श्रद्धालुओं को संगम पहुंचने के लिए 8 से 10 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। प्रशासन पार्किंग से शटल बसें चला रहा है। हालांकि, यह बेहद सीमित हैं।

इतना ही नहीं संगम पर पैरामिलिट्री फोर्स के जवान तैनात हैं। वहां लोगों को रुकने नहीं दे रहे हैं, ताकि भीड़ न बढ़े। ज्यादातर लोगों को बाकी घाटों पर स्नान के लिए भेजा जा रहा है। भीड़ कंट्रोल के लिए पहली बार मेले में 15 जिलों के डीएम, 20 आईएएस और 85 पीएससी अफसर तैनात किए गए हैं।

इधर, लखनऊ में सीएम योगी सुबह 4 बजे से मुख्यमंत्री आवास पर बने वॉर रूम से महाकुंभ की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। डीजी प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव (गृह) संजय प्रसाद और कई सीनियर अधिकारी भी माजूद हैं। महाकुंभ का आज 31वां दिन है। इसके पहले 4 अमृत स्नान पर्व हो चुके हैं। 13 जनवरी से अब तक करीब 46 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। अब 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर आखिरी स्नान पर्व होगा।

## देश के 8 राज्यों में तीन दिनों तक होगी भारी बारिश, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

नई दिल्ली(आरएनएस)। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में सर्दी का मौसम लगभग समाप्त हो गया है, और तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में गर्मी में और वृद्धि की संभावना जताई है। इसके विपरीत, पूर्वोत्तर भारत के कम से कम आठ राज्यों में अगले तीन दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में 12 से 14 फरवरी के बीच मूसलाधार बारिश होने की संभावना है। इन राज्यों के लिए आंधी, तूफान और बिजली गिरने का भी अलर्ट जारी किया गया है। इसी अवधि में, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम में भी 12 से 14 फरवरी के बीच बारिश होने की संभावना है। इस प्रकार, पूर्वोत्तर के इन आठ राज्यों में कुल मिलाकर तीन दिनों तक बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## लोग काम नहीं करना चाहते क्योंकि उन्हें मुफ्त का राशन मिल रहाः सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (आरएनएस)। आज एक अहम मामले में सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इससे लोगों की काम करने की इच्छा नहीं होगी क्योंकि उन्हें राशन और पैसे मुफ्त मिलते रहेंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ शहरी क्षेत्रों में बेघर व्यक्तियों के आश्रय के अधिकार से संबंधित एक मामले की सुनवाई कर रही थी जस्टिस गवई ने कहा कि दुर्भाग्य से, इन मुफ्त सुविधाओं के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए राशि मिल रही है।

बेंच ने कहा, 'हम उनके (बेघर लोगों) के लिए आपकी फिक्र की तारीफ करते हैं लेकिन क्या ये बहेतर नहीं होगा कि उन्हें समाज की मुख्यधारा का हिस्सा बनाया जाए और उन्हें देश के विकास में योगदान करने दिया जाए।'

केंद्र सरकार के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने अदालत को बताया कि केंद्र सरकार शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है। इस मिशन में शहरी बेघर लोगों के लिए आश्रय प्रदान करने सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान शामिल होगा।

## प्राइवेट पार्टस पर लटकाए डंबल, फिर नुकीली वस्तुओं से किए वार.. रैगिंग की सारी हदें पार

कोट्टयम(आरएनएस)। शैक्षिक संस्थानों में रैगिंग की खबरें सामने आती रहती हैं। सीनियर्स द्वारा जूनियर्स की रैगिंग करना आम बात हो गई है लेकिन कई बार ये रैगिंग सारी हदें पार कर जाती है। जैसे कि केरल के कोट्टयम में सरकारी नर्सिंग कॉलेज में रैगिंग के दौरान हुआ। इस संबंध में कुछ पीड़ित छात्रों ने पुलिस में शिकायत दी है। पुलिस ने थर्ड ईयर के पांच छात्रों को गिरफ्तार किया है।?आरोपियों पर आरोप है कि इन्होंने कम्पास और इसी तरह की वस्तुओं का उपयोग करके साथी छात्रों को चोटें पहुंचाईं।पुलिस के अनुसार, फर्स्ट ईयर के छात्रों को नग्न अवस्था में खड़े होने के लिए मजबूर किया गया जबकि उनके वरिष्ठ छात्रों ने उनके निजी अंगों से डंबल लटकाए।




## गौरव गोगोई और उनकी पत्नी के पाकिस्तान कनेक्शन की जांच होनी चाहिए : हिमंत बिस्वा सरमा

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को गौरव गोगोई और उनकी पत्नी एलिजाबेथ को पाकिस्तान के प्रतिष्ठान से जोड़ने वाली रिपोर्ट्स पर टिप्पणी दी। उन्होंने कहा कि इस मामले में गंभीर सवाल उठते हैं, जिन्हें बिना जवाब दिए नहीं छोड़ा जा सकता।मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गोगोई की पत्नी पर लगे कुछ आरोपों का जिक्र किया। कहा कि पाकिस्तान दूतावास में भारतीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और ब्रेनवॉश करने के आरोप की गहन जांच होनी चाहिए। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर लिखा, आईएसआई से संबंध, युवा व्यक्तियों को ब्रेनवॉश करने और कट्टरपंथी बनाने के लिए पाकिस्तान दूतावास में ले जाने और पिछले 12 वर्षों से भारतीय नागरिकता लेने से इनकार करने के आरोपों के बारे में गंभीर सवालों के जवाब दिए जाने की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त, धर्मांतरण कार्टेल में भागीदारी और राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने के लिए जॉर्ज सोरोस सहित बाहरी स्रोतों से धन प्राप्त करना गंभीर चिंता का विषय है जिसे अनदेखा नहीं किया जा सकता है।

# नोटिस पर अनिल विज ने कहा, इसे मीडिया में लीक किसने किया, पार्टी चाहे तो करे जांच



अंबाला (आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के खिलाफ बयान देने पर पार्टी ने हरियाणा सरकार में मंत्री अनिल विज को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा था। इस पर उन्होंने कहा कि मैंने इसका जवाब भेज दिया। लेकिन इसे मीडिया में लीक किसने किया, उसकी पार्टी चाहे तो जांच करा ले।उन्होंने कहा, मैं पिछले कई दिन से बेंगलुरु में था। वापस आया, तो मुझे तीन दिन का समय दिया गया था और मैंने रात में ही जवाब भेज दिया। मैंने उसमें लिखा कि अगर और कोई जानकारी चाहिए तो वह बताएं, मैं वह भी लिखकर दे दूंगा। जितना मैं याद रख सका, जितना सोच सका, मैंने सब लिख कर दे दिया।

उन्होंने कहा, मुझे इस नोटिस के बारे में मीडिया से ही पता चला। मैंने इसे कहीं सार्वजनिक नहीं किया, बंद लिफाफे में डालकर भेजा था। जो चिट्ठी मैंने लिखी थी, उसे मैंने मिटा दिया और उसके कतरे जेब में रख लिए हैं। नोटिस मुझे मीडिया के माध्यम से ही मिला, मीडिया में छपा था।उन्होंने कहा, यह सवाल है कि दो लोगों के बीच हो रहा इतनी गोपनीय बातचीत, मीडिया में कैसे आई? इसे कौन लीक कर रहा है? पार्टी चाहे तो इसकी जांच करा सकती है, नहीं करना चाहती, तो उनकी मर्जी है।बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय अनिल विज ने मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर में चढ़कर और उससे उतरकर जनता की समस्याओं को सुनने की बात कही थी। इसके साथ ही, कसौली दुष्कर्म मामले के बाद उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली से इस्तीफा मांगा था।

## कुशीनगर मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई पर मायावती ने उठाए सवाल, सरकार से ऐसी कार्रवाइयों पर रोक की मांग



लखनऊ ,(आरएनएस)। यूपी के कुशीनगर में मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलने के मामले में बसपा मुखिया मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जिला प्रशासन की धार्मिक भेदभाव जैसी कार्रवाई पर अविलंब रोक लगाई जाए।बसपा मुखिया मायावती ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कुशीनगर जिला प्रशासन द्वारा हाटा नगर क्षेत्र में स्थित मदनी मस्जिद के कथित अवैध निर्माण को तोड़े जाने की खबर चर्चा में है, इसके लेकर लोगों में रोष एवं आक्रोश स्वाभाविक। यूपी सरकार मामले को अविलंब संज्ञान लेकर धार्मिक भेदभाव जैसी जिला प्रशासन की कार्रवाइयों पर रोक लगाए।ज्ञात हो कि नौ फरवरी को कुशीनगर की मदनी मस्जिद पर बुलडोजर चलाया गया था। इस दौरान इसके अतिक्रमण वाले हिस्से को गिरा दिया गया था। इस मामले पर खूब हंगामा हुआ था और विपक्ष सरकार को घेरा था।

## 12 लाख की ऑनलाईन ठगी के मामलें में तीन साल से फरार मुख्य आरोपी महिला गिरफ्तार

### -ठगी की रकम से क्रिप्टो करेंसी का व्यापार करते हैं, आंध्र प्रदेश से पकड़ा

जयपुर (आरएनएस)। ग्रामीण जिले की थाना चंदवाजी पुलिस ने 12 लाख की ऑनलाइन ठगी के मामले में 3 साल से फरार चल रही मुख्य आरोपी थोकला लक्ष्मी पत्नी थोकला बुंदा कुमार, उम्र 40 वर्ष, निवासी 1-37 चिगुरावाड़ा दक्षिण पुलिस स्टेशन एमआर पल्ली तिरुपति राज्य आंध्र प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में गिरोह के चार सदस्यों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।उप महानिरीक्षक सह पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि साईबर अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजनीश पूनियां के निर्देशन व वृताधिकारी जमवारामगढ प्रदीप सिंह यादव आरपीएस के सुपरविजन तथा एसएचओ चन्दवाजी हीरा लाल सैनी के नेतृत्व में साईबर ठगी की मुख्य आरोपी थोकला लक्ष्मी को तिरूपति आन्ध्रप्रदेश से गिरफ्तार किया गया है।डीआईजी शर्मा ने बताया कि 2 नवंबर 2021 को निम्स यूनिवर्सिटी चंदवाजी में कार्यरत जयपुर के सी स्कीम निवासी रचित माथुर पुत्र राजीव ने रिपोर्ट दर्ज करवायी थी कि टेलीग्राम पर मंदीश खान नाम के व्यक्ति से उनकी पहचान हुई।



# संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों को शालेय पाठ्यक्रम में किया जा रहा है शामिल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

संत रविदास जी के दर्शन के आधार पर प्रधानमंत्री श्री मोदी भारत को विश्व में आदर्श देश के रूप में कर रहे हैं स्थापित

उज्जैन सहित राज्य के जिन स्थानों पर संत रविदास जी के चरण पड़ें, उन्हें तीर्थ के रूप में किया जाएगा विकसित



भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संत शिरोमणि गुरू रविदास जी ने जात-पात पूछे न कोई-हरि को भजे सो हरि को होई जैसे उदात्त विचारों से समाज को छुआछूत, सामाजिक असमानता, आडम्बर और अंधविश्वास के विरूद्ध जागरूक किया।

उन्होंने परतंत्रता और विदेशी आक्रांताओं के आतंक से प्रभावित वातावरण में भक्ति, समानता और सद्भाव के साथ अपनी यात्रा आरंभ की। काशी में माँ गंगा के घाट से आरंभ यात्रा में राजवंश के व्यक्ति भी उनके शिष्य बनें। मीरा बाई द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में जीवन व्यतीत करना संत रविदास जी की प्रेरणा से ही संभव हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संत रविदास जी की भावनाओं और विचारों को जन-जन तक ले जाने के उद्देश्य से उनके विचारों को शालेय पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत रविदास जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को मीडिया के माध्यम से शुभकामनाएं देते हुए उक्त विचार व्यक्त किए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्री राम और भगवान श्रीकृष्ण, संत रविदास जी की भक्ति के आधार थे। उन्होंने राम नाम के जाप का संदेश देते हुए बताया कि भगवान व्यक्ति के भीतर है और भक्ति के लिए किसी आडम्बर की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, संत रविदास जी के दर्शन के आधार पर भारत को विश्व में आदर्श देश के रूप में स्थापित कर रहे हैं। राज्य सरकार भी इस दिशा में कार्यरत है। सागर में संत रविदास जी को समर्पित धाम का निर्माण जारी है। उज्जैन सहित राज्य के जिन स्थानों पर संत रविदास जी के चरण पड़ें हैं, उन्हें तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा।

## मंत्री श्री सारंग अपेक्स बैंक से करेंगे "स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता" अभियान की शुरुआत

**प्रदेश के सभी स्तर के सहकारिता कार्यालय एवं सहकारी संस्थाओं में होगा स्वच्छता कार्यक्रम**

भोपाल (आरएनएस)। सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग के निर्देश पर अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के अवसर पर सहकारिता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूकता लाने के लिये विभाग के तहत सभी स्तर के विभागीय कार्यालय, सहकारी संस्थाओं में 13 फरवरी को स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता दिवस कार्यक्रम मनाया जायेगा। मंत्री श्री सारंग सुबह 11 बजे अपेक्स बैंक, भोपाल से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे। निर्देशानुसार प्रदेश की सभी शीर्ष संस्थाओं के प्रबंध संचालक, संभाग/जिला के संयुक्त/उप/सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भी कहा गया है कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत विभाग एवं संस्थाओं में कार्यालयीन नस्तियों को व्यवस्थित करना, पुराने रिकार्ड के बस्तों में संदर्भ अंकित होना, कार्यालय में इंडेक्स रजिस्टर का संधारण जिसकी मदद से पूर्ण परिसमापन, वैधानिक कार्यवाही, स्थापना आदि के विगत 10 वर्षों के विवरण तत्काल ज्ञात किये जा सकें, जैसे काम हों। साथ ही शौचालयों की सफाई एवं कार्यालयीन कक्षों में रोशनी एवं साज-सज्जा की जायें। विभाग एवं संस्थाओं के अधिकारी-कर्मचारी जिला कार्यालय में एकत्रित हों। उसके बाद अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर विशेष साफ-सफाई आयोजन के बैनर के साथ एक रैली निर्धारित स्थल जिला सहकारी बैंक, अन्य सार्वजनिक स्थल अथवा किसी संस्था कार्यालय तक सहकारिता एवं स्वच्छता विषयक नारे लगाते हुये निकाली जायें।



राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजभवन में सौजन्य भेंट की।

## उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों में 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन तिथि बढ़ी, चयन परीक्षा की तारीख भी बदली, जानें डिटेल्स

भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय और विकासखंड स्तरीय मॉडल स्कूलों में कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए ये जरूरी खबर है, स्कूल शिक्षा विभाग ने छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख को बढ़ाकर अब 15 फरवरी कर दिया है यानि अब 15 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किये जायेंगे, इसी के साथ विभाग ने चयन परीक्षा की तारीख में भी आंशिक संशोधन करते हुए अब 9 मार्च रविवार कर दिया है, अर्थात अब प्रवेश चयन परीक्षा 9 मार्च को होगी।जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय और विकासखंड स्तरीय मॉडल स्कूलों में सत्र 2025-26 में 9वीं कक्षा में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है, 16 जनवरी 2025 से शुरू हुई ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तारीख 10 फरवरी 2025 तक थी लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उनका स्मरण किया



भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आर्य समाज के संस्थापक, शुद्धि आंदोलन के प्रणेता और महान समाज सुधारक स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती पर उनका स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मानव कल्याण, राष्ट्र सेवा और समाज में व्याप्त कुरीतियों को मिटाने के लिए स्वामी जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण होम कर दिया। स्वामी दयानंद सरस्वती जी के ओजस्वी विचारों के दिव्य प्रकाश से मानवता का सदैव कल्याण होता रहेगा।

## संभागायुक्त और नगरीय प्रशासन आयुक्त ने जीआईएस की तैयारियों को लेकर किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा

भोपाल(आरएनएस)। आगामी 24 एवं 25 फरवरी 2025 को राजधानी भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों का जायजा लेने भोपाल संभागायुक्त संजीव सिंह और सचिव मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त सिबि चक्रवर्ती एम. ने विमानतल से मानव संग्रहालय तक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह और नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण के साथ स्टेट हैंगर, राजा भोज विमानतल से मानव संग्रहालय तक के मार्गों पर हो रहे सौंदर्यीकरण और अन्य विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा सभी कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह एवं नगरीय प्रशासन आयुक्त श्री चक्रवर्ती ने स्टेट हैंगर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन स्थल और राजा भोज विमानतल पर ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में शामिल होने वाले प्रतिनिधियों के आगमन स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने बताया कि नगर निगम भोपाल द्वारा जी.आई.एस. के तहत सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें पार्कों में सिविल एवं उद्यानिकी कार्य, सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज, फुटपाथ, रेलिंग का संधारण एवं रंगाई-पुताई शामिल है। इसके अलावा, दीवारों पर चित्रकारी, चौराहों पर लगे फाउंटेन के संधारण व संचालन की भी जानकारी दी गई।

## 07103/07104 काचीगुड़ा-पटना-काचीगुड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन 01-01 ट्रिप

### भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 07103/07104 काचीगुड़ा-पटना-काचीगुड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन (01-01 ट्रिप) चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी।

**गाड़ी संख्या 07103 काचीगुड़ा-पटना कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07103 काचीगुड़ा-पटना कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 22 फरवरी 2025 (शनिवार) को काचीगुड़ा स्टेशन से शाम 16.45 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन दोपहर 13.10 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन रात 01.45 बजे प्रयागराज छिवकी एवं तीसरे दिन सुबह 10.30 बजे पटना स्टेशन पहुंचेगी।



**गाड़ी संख्या 07104 पटना-काचीगुड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन ( 01 ट्रिप )**

गाड़ी संख्या 07104 पटना-काचीगुड़ा कुंभ मेला विशेष ट्रेन दिनांक 24 फरवरी 2025 (सोमवार) को सुबह 11.30 बजे पटना स्टेशन से प्रस्थान कर, उसी दिन शाम 18.30 बजे प्रयागराज छिवकी, अगले दिन सुबह 07.00 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 07.00 बजे काचीगुड़ा स्टेशन पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट**

रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बोलारम, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद जंक्शन, बसर, धर्माबाद, उमरी, मुदखेड, नांदेड़, पूर्णा जंक्शन, बासमत, हिंगोली डेक्कन, वाशिम, अकोला जंक्शन, मलकापुर, खंडवा जंक्शन, इटारसी जंक्शन, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जंक्शन, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच संरचना**

इस विशेष ट्रेन में 9 शयनयान श्रेणी एवं 8 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के डिब्बे सहित कुल 22 डिब्बे होंगे। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें। उक्त विशेष ट्रेनों के विस्तृत समय और ठहराव की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या NTES ऐप डाउनलोड करें।

## अब 90 प्रतिशत से अधिक अंक वाले परीक्षार्थियों का दोबारा होगा मूल्यांकन

### शून्य से एक नंबर वालों की भी होगी जांच, जानें शिक्षा विभाग का नया फार्मूला



भोपाल(आरएनएस)। मध्य प्रदेश के शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इस बार 10वीं-12वीं बोर्ड एग्जाम में मूल्यांकन गड़बड़ियों को लेकर नई पहल की गई है। अब 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले परीक्षार्थियों का दोबारा मूल्यांकन होगा। शून्य से 1 अंक पाने वाले छात्रों की भी उत्तरपुस्तिका की दोबारा जांच होगी।

एमपी में बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां जोरा पर है। शिक्षा विभाग ने इस बार 10वीं-12वीं बोर्ड परीक्षा के लिए नया फॉर्मूला तैयार किया है। दरअसल, बोर्ड एग्जाम के मूल्यांकन में गड़बड़ियों को लेकर नई पहल की गई है। मुख्य परीक्षक मूल्यांकन को परखेंगे। अब 90त्न से अधिक अंक पाने वाले परीक्षार्थियों की दोबारा मूल्यांकन होगा।

वहीं शून्य से एक नंबर लाने वाले परीक्षार्थियों की भी उत्तरपुस्तिका की जांच दोबारा की जाएगी। ऐसा इसलिए क्यों कि हर शिक्षण सत्र में गड़बड़ियों के कई मामले सामने आते हैं। इस बार इससे बचने के लिए शिक्षा विभाग ने यह फैसला लिया है। आपको बता दें कि प्रदेश में 10वीं-12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा 25 फरवरी से शुरू हो रही है। वहीं पांच मार्च 2025 से मूल्यांकन शुरू होगा। इस बार 30 हजार शिक्षक उत्तरपुस्तिका की जांच करेंगे। सबसे पहले बारहवीं परीक्षा का मूल्यांकन होगा। एक शिक्षक को न्यूनतम 30 और अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिका मिलेंगी। रोजाना 08 घंटे तक मूल्यांकन होगा। इस दौरान केंद्रों पर 144 धारा लागू रहेगी।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज दिल्ली में इन्वेस्ट एमपी कर्टेन रेजर कार्यक्रम में प्रदेश में निवेश संभावनाओं पर निवेशकों से वन-टू-वन चर्चा की।

## यात्रियों की सुविधा के लिए डिजिटल पहल: यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप बना लोकप्रिय विकल्प

भोपाल (निप्र)। भोपाल मंडल में अनारक्षित टिकट बुकिंग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप तेजी से यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है। यह ऐप यात्रियों को समय बचाने और टिकट खरीदने के लिए लाइन में लगने की परेशानी से राहत प्रदान करता है। जनवरी 2025 में, भोपाल मंडल के 2,03,551 यात्रियों ने इस ऐप के माध्यम से अपने अनारक्षित टिकट बुक किए, जिससे रेलवे को ?43,43,155/- का राजस्व प्राप्त हुआ। यह सफलता भोपाल मंडल द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियानों और डिजिटल तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहन देने का परिणाम है।

**यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप के लाभ**

समय की बचत: लंबी कतारों से बचने का आसान समाधान। पेपरलेस और कैशलेस यात्रा: पर्यावरण संरक्षण में योगदान। ऑफलाइन टिकट दिखाने की सुविधा: नेटवर्क न होने पर भी टिकट मान्य। तेजी से टिकट बुकिंग: कुछ ही मिनटों में बुकिंग। 3 प्रतिशत बोनस: रेलवे आर-वॉलेट रिचार्ज पर अतिरिक्त लाभ।

**भोपाल मंडल में ऐप की उपलब्धता और उद्देश्य**

भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का उपयोग संभव है। इस ऐप का मुख्य उद्देश्य डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देना, कतारों से मुक्ति प्रदान करना, और यात्रियों को तनावमुक्त यात्रा अनुभव देना है।

**ऐप का उपयोग कैसे करें**

गूगल प्ले स्टोर, एप्पल स्टोर या विंडोज स्टोर से "UTS" ऐप डाउनलोड करें। साइन अप करके मोबाइल नंबर पंजीकृत करें। आर-वॉलेट का उपयोग करके टिकट बुक करें। आर-वॉलेट को डेबिट कार्ड, नेट बैंकिंग, यूपीआई या यूटीएस काउंटर के माध्यम से रिचार्ज करें।

**ऐप पर उपलब्ध सुविधाएं**

अनारक्षित टिकट बुकिंग। सीजन टिकट जारी और नवीनीकरण। पेपर और पेपरलेस टिकट दोनों विकल्प। बुक किए गए टिकट का विवरण। आर-वॉलेट बैलेंस और रिफंड की सुविधा। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ कटारिया ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप का अधिकाधिक उपयोग करें और इसके माध्यम से डिजिटल सुविधाओं का लाभ उठाएं। यह ऐप न केवल टिकट खरीदने को आसान बनाता है, बल्कि यात्रियों के समय और ऊर्जा की भी बचत करता है।

# विविध-समाचार

## सिकंदराबाद मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, गाड़ियाँ निरस्त

भोपाल (निप्र)। सिकंदराबाद मंडल के काजीपेट-विजयवाड़ा खंड पर खम्मन स्टेशन पर चल रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण भोपाल मंडल से गुजरने वाली निम्नलिखित गाड़ियाँ अपने प्रारंभिक स्टेशन से निर्धारित तिथियों पर निरस्त रहेंगी।

1. गाड़ी संख्या 12511, गोरखपुर-कोचूवेली एक्सप्रेस दिनांक 14.02.2025 एवं 16.02.2025 को निरस्त रहेगी। 2. गाड़ी संख्या 12512, कोचूवेली-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025 एवं 19.02.2025 को निरस्त रहेगी। 3. गाड़ी संख्या 04717, हिसार-तिरुपति स्पेशल दिनांक 15.02.2025 को निरस्त रहेगी। 4.गाड़ी संख्या 04718, तिरुपति-हिसार स्पेशल दिनांक 17.02.2025 को निरस्त रहेगी। 5. गाड़ी संख्या 06509, केएसआर बेंगलुरू - दानापुर एक्सप्रेस दिनांक 17.02.2025 को निरस्त रहेगी। 6.गाड़ी संख्या 06510, दानापुर - केएसआर बेंगलुरू एक्सप्रेस दिनांक 12.02.2025 एवं 19.02.2025 को निरस्त रहेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा NTES/139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त करें और तदनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

## सौरभ शर्मा , चेतन और शरद को लाया गया भोपाल कोर्ट

भोपाल (आरएनएस)। ईडी ने कोर्ट से सौरभ, चेतन, शरद की मांगी रिमांड 52 किलो सोना, 11 करोड़ कैश समेत अन्य प्रापर्टी की होगी पूछताछ -आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके सहयोगियों की ईडी ने कोर्ट से 7 दिन की मांगी रिमांड। ईडी तीनों से 52 किलो सोना, 11 करोड़ रुपए कैश समेत अन्य करोड़ों रुपए की संपत्ति के मामले में करेगी पूछताछ।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने जताया शोक

भोपाल(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी ने जबलपुर के सिहोरा में हुई भीषण दुर्घटना में सात लोगों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने एवं परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## थाना गांधीनगर क्षेत्र की रिलायबल हाईटेक कॉलोनी में पार्क में बच्चों को खेलने से मना करने पर दोनों पक्षों की महिलाओं ने किया एक दूसरे पर हमला

भोपाल (आरएनएस)। गार्डन में बच्चों को खेलने नहीं देने पर हुआ विवाद महिलाओं ने दूसरे पक्ष की महिलाओं को मारा थाना गांधीनगर का मामला एयरपोर्ट स्थित रिलायबल हाइटेक सिटी कॉलोनी में बच्चों को पार्क गार्डन में खेलने नहीं देने पर हुआ जमकर विवाद बच्चों के परिवार वालों ने कॉलोनी के गार्डन में खेलने से मना करने वाले व्यक्ति अनीस पर आपत्ति जताई तो उसके परिवार की महिलाओं ने कर दिया जावेद के परिवार की महिलाओं पर हमला बच्चों को पार्क में खेलने से मना करने पर और उनके परिवार पर अनीश ने किया हमला अनीश के पूरे घर वालों उसके बेटे उसकी बेटी, पत्नी ने भी किया बच्चों के परिवार पर हमला डायल 100 आने पर हुआ बीच बचाव दोनों पक्षों को पुलिस गांधी नगर थाने लेकर पहुंची।

## सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियन शिव के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया संपन्न

भोपाल(आरएनएस)। एक जानकारी में बताया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष जिला स्तरीय सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप की चयन प्रक्रिया स्थानीय स्टेडियम में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह की उपस्थिति में नगर के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित कर चयन प्रक्रिया संपन्न की गई चयन प्रक्रिया के दौरान जिला हॉकी संघ के सदस्य एवं समस्त संतोष सिंह सीनियर खिलाड़ी आसफ खान, सत्यनारायण खटीक , रवि गोटिया, विजय कुमार ( बंटी भाई ) खुर्रम भाई जान अयाज खान खेलो इंडिया कोच प्रवीण भाई हॉकी फीडर सेंटर कोच संजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहें यह विज्ञप्ति में बताया गया कि उक्त चयन प्रक्रिया चयनित हांकी खिलाड़ियों के लिए 6 से 7 दिन का कैंप आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के समस्त खिलाड़ी मिलकर अभ्यास करेंगे दिनांक 0 20 /2 /2025 को सागर के लिए हॉकी उमरिया की टीम रवाना होगी हॉकी संघ के सदस्य एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की गई।

## लोन की ईएमआई भरने के लिये गुमठियों में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

भोपाल(ए)। टीटी नगर पुलिस ने दो ऐसे आरोपियो को गिरफ्तार किया है, जो लोन की किस्त भरने के लिये गुमठियो पर धावा बोलकर माल चोरी कर लेते थे। थाना प्रभारी सुधीर कुमार अरजरिया ने जानकारी देते हुए बताया की बीती 9 फरवरी 2025 को नेहरू नगर थाना कमलानगर निवासी देवेन्द्र राजपूत पिता भगवत सिंह राजपूत (36) ने ग्वालियर पान गुमठी सहित हेमंत सांची पार्लर गुमठी, सेंकेंड स्टाप, तुलसी नगर से सिगरेट व नगदी चोरी किये जाने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अज्ञात आरोपियो के खिलाफ मामला कायम कर घटना स्थल के आसपास लगे करीब 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगालने पर पुलिस को चोरी करते हुए दो संदिग्ध युवक नजर आये। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने फुटेज मे नजर आ रहे हुलिये के दो सदिंग्धो को इलाके में ही घूमते हुए हिरासत में ले लिया। पुलिसिया अंदाज में हुई पूछताछ में आरोपियो ने खुलासा किया की उन्होने ही सेकेंड स्टाप में गुमठी में चोरी की थी। इसके साथ ही करीब एक साल पहले भी जवाहरचौक स्थित सिगरेट गुटखा की दो दुकानो में भी चोरी करने का खुलासा किया। आरोपियो की पहचान मनस्वी गव्हाडे उर्फ अक्की उर्फ चाकलेट पिता दिनेश गव्हाडे (20) और आनंद मीणा उर्फ गोलू उर्फ धतूरा पिता रामबाबू मीणा (21) दोनो निवासी तुलसी नगर के रुप में हुई। दोनो आरोपियो के पास से 39 और 23 हजार रुपये के कीमती मोबाइल फोन मिले। आरोपियो ने बताया कि यह फोन उन्होनें किश्तो पर खरीदे थे, लेकिन करीब तीन महीनो से वह दोनो मोबाईल की ईएमआई जमा नही कर पा रहे थे। और इस महीने भी ईएमआई जमा नहीं करते तो फायनेंसर उनके मोबाईल वापस ले लेता। इसी कारण उन्होनें योजना बनाकर ऐसा माल चोरी करने का प्लान बनाया जिसे बजार में फौरन बेचने पर नगद रकम मिल जाये और वो अपने-अपने मोबाइल की ईएमआई भर सके। लेकिन माल बेचने से पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया, आरोपियो के पास से चोरी किया गया 50 हजार का माल जप्त किया गया है। पुलिस ने बताया की पकडे गये आरोपियो में शामिल मनस्वी की माँ उसके पिता की हत्या के मामले में जैल में बंद है।

# समेकित बाल संरक्षण (मिशन वात्सल्य) योजनांतर्गत पॉक्सो 2012 व किशोर न्याय अधिनियम 2015 प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

## संवेदनशील बनकर बालहित में कार्य करें- पुलिस अधीक्षक

दतिया (ए.)। समेकित बाल संरक्षण (मिशन वात्सल्य) योजनांतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 व बाल अधिकार विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया के तत्वावधान में सभागार नवीन कलेक्ट्रेट दतिया में किया गया।

आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा विशिष्ट अतिथि श्रीमती कल्पना राजे बैस अध्यक्ष, सीडब्लूडी के सदस्य रामजीशरण राय, श्रीमती कृष्णा कुशवाहा, वैभव खरे, संतोष तिवारी व किशोर न्याय बोर्ड सदस्य इंद्रपाल सिंह सेंगर, मनीषा गुप्ता, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर रीना गौतम रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद उपाध्याय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने की। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक विषय विशेषज्ञ अनन्त अष्ठाना (दिल्ली) रहे। कार्यशाला का विधिवत शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर किया गया।

उपस्थित अतिथियों का स्वागत भाषण के माध्यम से व कार्यक्रम प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री उपाध्याय ने प्रस्तुत किया। कार्यशाला के मुख्य अतिथि वीरेंद्र मिश्रा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित हितधारकों से संवेदनशील



बनकर बालहित में कार्य करने का आव्हान किया। पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए हम सभी कार्य करेंगे तो बाल हितैषी दतिया बना सकेंगे। मुख्य प्रशिक्षक अनन्त अष्ठाना ने देखरेख और संरक्षण वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए जिला स्तर पर बाल कल्याण समिति सीडब्लूसी गठन, कार्य पद्धति व उनके अधिकार पर व्यापक प्रशिक्षण दिया गया। किशोर न्याय अधिनियम के तहत पाए गए बालक या गुमशुदा बालक देखरेख व संरक्षण वाले बच्चों की सूचना अथवा रिपोटिंग न करने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। श्री अष्ठाना ने किशोर न्याय अधिनियम व किशोर न्याय बोर्ड का प्रभावी प्रशिक्षण दिया गया। श्री अष्ठाना ने विभिन्न केसस्टडी व अनुभवों को प्रस्तुत करते हुए दत्तकग्रहण, सेंटर अडॉप्शन रिसोर्स एजेंसी (सीएआरए) की जानकारी दी। इसके साथ ही बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, बाल एवं कुमार श्रम प्रतिषेध अधिनियम आदि के विधिक पहलुओं पर व्यापक जानकारी दी। सीडब्ल्यूसी सदस्य रामजीशरण राय द्वारा विधिक जानकारी दी व श्रम निरीक्षक श्रीमती दीक्षा दाँगी ने श्रम कानूनों की जानकारी दी।

प्रशिक्षण में प्रभावी संचालन धीरसिंह कुशवाहा बाल संरक्षण अधिकारी ने किया। प्रशिक्षण में जिले भर के विभिन्न थानों में पदस्थ बाल कल्याण पुलिस अधिकारी, श्रम विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारी, प्राचार्य, छात्रावास अधीक्षक, विशेष किशोर पुलिस इकाई, शिशु-बाल गृह, परियोजना अधिकारी, पर्यवेक्षक महिला एवं बाल विकास विभाग आदि से श्रीमती कमला साहू, श्रीमती प्रतिमा पाठक, ब्रजेन्द्र सिंह कौरव, कुश मिश्रा, राजीव चौबे, मनीष शर्मा, हेमंत नामदेव, यशदीप राजपूत, आकाश श्रीवास्तव, शिवम गुप्ता, बलराम शर्मा, दीक्षा दाँगी, संदेश शर्मा, जंडेल सिंह तोमर, अनीता शर्मा, हेमलता रावत, नरेश श्रीवास्तव आदि विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। आभार व्यक्त बाल कल्याण अधिकारी ब्रजेन्द्र सिंह कौरव ने किया।

## भाजपा के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप मे मनी

रतलाम, (ए.)। भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष पं.दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मंगलवार को समर्पण के रूप मे मनाई गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पं.उपाध्याय का स्मरण करने के बाद आजीवन सहयोग निधि समर्पित करने की शुरुआत की। जिले के सभी 25 मंडलों मे समर्पण दिवस मना। मुख्य कार्यक्रम रतलाम दिनदयाल नगर स्थित उद्यान मे हुआ, जहॉ भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय एवं महापौर प्रहलाद पटेल की उपस्थिति मे समर्पण दिवस मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय ने इस मौके पर कहा कि एकात्म मानववाद के विचारक पं.उपाध्याय का जीवन संगठन और राष्ट्र , समाज की सेवा को समर्पित रहा है। भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी उन्होंने संगठन को मजबूत करने वालें निष्ठावान कार्यकर्ताओं का वटवृक्ष तैयार किया है। भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है, तो उसके पीछे पं.उपाध्याय का विचार ही आधार है।

## जमीनी विवाद में भाई बना भाई की जान का दुश्मन, नाबालिग बेटे के साथ मिलकर भाई की हत्या की



बैतूल (आरएनएस)। जमीनी विवाद के चलते भाई भाई के बीच हुए विवाद में भाई और उसके नाबालिग बेटे ने मिलकर अपने ही भाई को मौत के घाट उतार दिया घटना के बाद ही पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना चिचोली थाना क्षेत्र के ग्राम आदर्श पिपरिया की है जहां दिनांक 9 फरवरी को सुबह 9 बजे ग्राम आदर्श पिपरिया में खेत के पास कच्चे रास्ते पर खून से लथपथ हालत में बक्कू काकोडिया (उम्र 50 वर्ष) मृत अवस्था में मिला था द्य फरियादी देवजी काकोडिया (मृतक का पुत्र) की सूचना पर थाना चिचोली पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 78/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि उसके पिता का जमीनी विवाद को लेकर चाचा शेखलाल काकोडिया एवं उसके नाबालिग बेटे से विवाद चल रहा था। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच में भी इन दोनों की संलिप्तता सामने आई थी। हत्या की सूचना पर पुलिस अधीक्षक निश्चल एन. झारिया के निर्देशानुसार तत्काल विशेष जांच दल गठित किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शाहपुर मयंक तिवारी के नेतृत्व में टीम ने साक्ष्य एकत्रित कर जांच शुरू की। क्राइम सीन एक्सपर्ट निरीक्षक आबिद अंसारी के निर्देशन में मौके पर फॉरेंसिक टीम पहुंची एवं साक्ष संकलन की कार्यवाही की गई।विवेचना के दौरान SDOP शाहपुर, थाना प्रभारी चिचोली एवं चौकी प्रभारी भीमपुर की टीम ने संदिग्धों से कड़ाई से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। पुलिस ने हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। इस हत्या कांड में पुलिस ने आरोपी शेखलाल काकोडिया और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशादेही पर हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी एवं मोटरसाइकिल भी बरामद कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

## गुना में अवैध कॉलोनियों का खेलः प्रशासनिक कार्रवाई ठंडे बस्ते में, कलेक्टर ने जारी की एडवाइजरी



गुना (आरएनएस)। शहर और आसपास काटी गई अनेक अवैध कॉलोनियों के मामलों में दोषियों पर अभी तक ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है। पूर्व कलेक्टर ने कुछ कॉलोनाइजरों पर एफआईआर दर्ज कराई थी, लेकिन वह भी नूरा कुश्ती जैसा मामला साबित हुआ। आरोपी बनाए गए कॉलोनाइजर हाईकोर्ट से स्टे ले आए फिर कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई। गुना में जो कॉलोनी कथित तौर पर वैध हैं यानी जिनके नक्शे टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से अप्रूव कराए गए हैं और विकास अनुज्ञा मिलने के बाद जिनमें प्लॉटिंग की गई है यदि उनके अनुमति संबंधी कागजी शर्तों और स्वीकृत नक्शे का ही यदि धरातल पर जाकर मिलान करा लिया जाए तो वैध की आड़ में अवैध कॉलोनी कैसे काटी गई ये आसानी से समझा जा सकता है। मसलन टी एंड सीपी से सर्वे नंबर 181, 182, 187/1 में कॉलोनी काटने की परमिशन ली गई और उससे सटे सर्वे नंबरों में 188, 185/14 में भी प्लॉट बेच दिए गए और सर्वे नंबर 188 में मुख्य रास्ता खोल दिया गया। स्वीकृत नक्शे में सरकारी सर्वे नंबर 186 को पार्क के बीचोंबीच इस तरह ले लिया गया कि कल को यदि उसने शासन कोई भवन बनाए तो पार्क अनुपयोगी हो जाए।

## प्रेम प्रसंग में युवक की खौफनाक हत्या, प्रेमिका के भाईयों ने पीट-पीटकर तोड़ दी पैर से लेकर पसलियां



ग्वालियर (आरएनएस)। ग्वालियर में प्रेम प्रसंग के चलते तीन भाइयों ने एक युवक की बेरहमी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। युवक को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया था जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया गया कि,मृतक अपनी बहन के घर आया था। पड़ोस में रहने वाली एक युवती से मिलने के लिए पहुंचा था। उसी समय युवती के तीन भाइयों ने उसे घेर लिया और लाठी डण्डों से पीट दिया था। मृतक के पैर से लेकर पसलियां तक तोड़ दी। घटना भितरवार थाना क्षेत्र के सरवा गांव की है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। दरअसल, शिवपुरी जिले के बरऊआ गांव निवासी गवेन्द्र सिंह पाल शिवपुरी में प्राइवेट करता था। उसकी बहन की ससुराल ग्वालियर देहात भितरवार थाना क्षेत्र के सरवा गांव में है। बचपन से गवेन्द्र का बहन के घर आना जाना था। दो दिन पहले भी वह घर से बहन के घर जाने के लिए निकला था। रविवार की देर रात घायल हालत में बहन के ससुराल के पड़ोस में रहने वाले राजेन्द्र सिंह बघेल के घर के बाहर पड़ा मिला था। सूचना मिलते ही गवेन्द्र के परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। हालत बेहद गंभीर होने पर पुलिस ने तत्काल घायल को जेएएच अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज शुरू होते ही वेंटीलेटर पर रख दिया और आज सोमवार सुबह गवेन्द्र की इलाज के दौरान मौत हो गई।

## खेतों में फसल कटाई उपरांत अवशेषों (नरवाई) जलाने पर प्रतिबंध

### नरवाई जलाने पर होगी कार्रवाई

इन्दौर (ए.)। पर्यावरण सुरक्षा को देखते हुए नेशनल ग्रीन टिब्युनल के निर्देशों के क्रम अंतर्गत प्रदेश में फसलों विशेषत: धान एवं गेहूँ की फसल कटाई उपरांत फसल अवशेषों (नरवाई) को खेतों में जलाये जाने को प्रतिबंधित किया गया है। इस संबंध में जारी निर्देशों के उल्लंघन किये जाने पर संबंधितों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। पर्यावरण विभाग द्वारा नरवाई में आग लगाने के विरूद्ध पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर आशीष सिंह ने एक आदेश जारी करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि आवश्यक व्यवस्था बनाकर बेहतर पर्यावरण जन स्वास्थ्य एवं जीव जन्तुओं की जीवन



सुरक्षा सुनिश्चित करें तथा जारी आदेशानुसार प्राथमिकता से कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। बताया गया कि ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/ कृषक जिसके पास 2 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 2500 रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/ कृषक जिसके पास 2 से 5 एकड़ तक की भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 5 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। ऐसा कोई व्यक्ति/निकाय/कृषक जिसके पास 5 एकड़ से अधिक भूमि है तो उसको नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में 15 हजार रुपये प्रति घटना के मान से आर्थिक दण्ड भरना होगा। उक्त दण्ड वसूलने हेतु संबंधित व्यक्ति/निकाय/ कृषक जिनके द्वारा नरवाई जलाकर पर्यावरण को क्षति पहुँचाई गई है, को उप संचालक कृषि सूचना-पत्र जारी करेंगे। उक्त सूचना-पत्र को व्यक्ति/निकाय /कृषक पर व्यक्तिश: तामिल कराने की जिम्मेदारी संबंधित क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी की होगी।

# व्यापार समाचार

## मस्क ने 84 हजार करोड़ में ओपन एआई खरीदने का दिया ऑफर, सीईओ ने कहा- नो थैंक यू, ट्विटर बेचना हो तो बताइए




नई दिल्ली (आरएनएस) । टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी OpenAI को खरीदने का प्लान बना रहे है। जिसके लिए उन्होंने कंपनी को 9.74 बिलियन डॉलर (करीब 84 हजार 600 करोड़ रुपए) में खरीदने के आफर भी दिया है।मस्क की AI कंपनी & AI के साथ-साथ वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, बैरन कैपिटल जैसे इन्वेस्टर्स ने ये ऑफर दिया है। लेकिन, मस्क के हाथ निराशा तब हाथ लगी जब कंपनी ने उनका आफर ठुकरा दिया। कंपनी की सीईओ ने मस्क को यहां तक कह डाला कि अगर आपको ट्विटर बेचना है तो बताइएगा। मस्क के ऑफर को ठुकराते हुए OpenAI CEO सैम ऑल्टमैन ने X पोस्ट में कहा- नो थैंक्यू, अगर आप (मस्क) चाहें तो हम ट्विटर (अब X) को 9.74 बिलियन डॉलर (करीब 84 हजार 600 करोड़ रुपए) में खरीद लेंगे। इसके जवाब में मस्क ने ऑल्टमैन को स्कैम ऑल्टमैन कहा। मस्क ने कहा, ओपनएआई के लिए ओपन-सोर्स, सेफ्टी-फोकस्ड फोर्स पर लौटने का समय आ गया है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा हो। मस्क इस अधिग्रहण के जरिए ओपनएआई को फिर से एक नॉन-प्रॉफिट रिसर्च लैब बनाना चाहते हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, ये ऑफर मस्क के वकील मार्क टोबेरॉफ के जरिए सोमवार को ओपनएआई के बोर्ड को दिया गया है।

## ब्लैक बॉक्स को तीसरी तिमाही में रिकॉर्ड 56 करोड़ का शुद्ध मुनाफा, साल-दर-साल 37 प्रतिशत की वृद्धि

नई दिल्ली (आरएनएस) । एस्सार समूह की टेक्नोलॉजी कंपनी ब्लैक बॉक्स ने मंगलवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी का शुद्ध मुनाफा साल-दर-साल आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 56 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। स्टॉक एक्सचेंज को दी गई जानकारी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 49 प्रतिशत बढ़कर 144 करोड़ रुपये हो गया। शुद्ध मुनाफे के मार्जिन में 1.20 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह तीसरी तिमाही में 3.7 प्रतिशत रहा, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने के लिए शुद्ध मुनाफे का मार्जिन 1.3 प्रतिशत बढ़कर 3.3 प्रतिशत हो गया।

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया है कि बेहतर परिचालन प्रदर्शन के परिणामस्वरूप, विशेष मदों में खर्च बढ़ने के बावजूद मुनाफा बढ़ा है। तीसरी तिमाही के लिए राजस्व 1,502 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले की अवधि (वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही) में यह 1,655 करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने के लिए राजस्व पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 4,801 करोड़ रुपये की तुलना में 4,422 करोड़ रुपये रहा।

## गोल्ड हो गया इतना सस्ता, टॉप लेवल से उतरा नीचे, चांदी की कीमत में हुआ ये उलटफेर

मुंबई ,(ए)। हर रोज नए रिकॉर्ड के झंडे गाड़ने वाला सोना अपने ऑल टाइम हाई कीमत 88,500 से नीचे उतर आई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत सात दिनों से चली आ रही तेजी पर विराम लगाते हुए 200 रुपये की गिरावट के साथ 88,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई। पीटीआई की खबर के मुताबिक, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 200 रुपये की गिरावट के साथ 87,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसकी कीमत 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

### चांदी की कीमत

चांदी की कीमत भी 900 रुपये की गिरावट के साथ 96,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में इसकी कीमत 97,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोने के साथ-साथ चांदी भी लगातार महंगी होती चली गई है। व्यापारियों ने कहा कि फेड चेयरमैन जेरोम पॉवेल की कांग्रेस के समक्ष गवाही से पहले सोने की कीमतों में गिरावट आई है, जिस पर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के भविष्य के ब्याज दर-कटौती मार्ग के बारे में जानकारी के लिए बारीकी से नजर रखी जाएगी।



### 10 फरवरी को ऑल टाइम हाई पर था सोना

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, 99.9 प्रतिशत शुद्धता सोना बीते 10 फरवरी को 2,430 रुपये बढ़कर 88,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले सात सत्रों में सोना 5,660 रुपये या 6.8 प्रतिशत चढ़ा था। इस साल पीली धातु 8,910 रुपये या 11.22 प्रतिशत बढ़ी है। एमसीएक्स पर अप्रैल डिलीवरी के लिए सोना वायदा 333 रुपये घटकर 85,483 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। दिन के दौरान पीली धातु वायदा 86,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

एलकेपी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट - कमोडिटी एंड करेंसी, जतीन त्रिवेदी कहते हैं कि शुरुआती कारोबार में एमसीएक्स में सोने में उछाल आया, क्योंकि टैरिफ संबंधी चिंताओं ने घबराहट में खरीदारी को बढ़ावा दिया। केंद्रीय बैंकों ने सोना जमा करना जारी रखा। हालांकि, मजबूत रुपये ने एमसीएक्स में बढ़त को सीमित कर दिया, जिससे शाम के सत्र से पहले यह 85,450 रुपये पर पहुंच गया, जो लगातार अस्थिरता को दर्शाता है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा कि कुछ मुनाफावसूली के बावजूद, वैश्विक व्यापार युद्ध और आर्थिक अनिश्चितता की चिंताओं से उत्साहित सोने की कीमतें अभी भी 2,900 डॉलर के स्तर से ऊपर बनी हुई हैं।

### चांदी का वायदा भाव आज

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मार्च डिलीवरी के लिए चांदी वायदा 1,030 रुपये या 1.08 प्रतिशत गिरकर 94,265 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। वैश्विक स्तर पर, अप्रैल डिलीवरी के लिए कॉमेक्स सोना वायदा 2,933 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

## एआई के क्षेत्र में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा भारत : ग्लोबल टेक लीडर्स

नई दिल्ली ,(आरएनएस) । आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) उद्योगों और ग्लोबल टेक्नोलॉजी लैंडस्केप को फिर से परिभाषित कर रहा है। साथ ही भारत इस क्रांति में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभर रहा है। यह बयान पेरिस में चल रही एआई एक्शन समिट में ग्लोबल टेक्नोलॉजी लीडर्स द्वारा दिए



गए। एआई एक्शन समिट का तीसरा संस्करण एआई गवर्नेंस के लेकर वैश्विक संवादों की सीरीज में लेटेस्ट है और इसकी सह-अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई है। दुनिया की बड़ी टेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारी एआई क्षेत्र में भारत की बढ़ती हुई क्षमता से अवगत हैं।ओपनएआई के सीईओ, सैम ऑल्टमैन ने कहा, भारत एआई का एक बड़ा बाजार है। साथ ही हमारी कंपनी के लिए दूसरी सबसे बड़ी मार्केट है। बीते एक वर्ष में यहां हमारे यूजर्स की संख्या तीन गुना बढ़ी है। उन्होंने आगे कहा, भारत के लोग स्टैक, चिप, मॉडल और कई असाधारण एप्लीकेशन बना रहे हैं। एआई क्रांति में भारत को एक लीडर के रूप में उभरना चाहिए।गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा कि एआई के क्षेत्र में भारत में फ्रंट से नेतृत्व करने की क्षमता है।ग्लोबल टेक लीडर्स ने बताया कि अच्छा टैलेंट पूल और एआई टेक्नोलॉजी को तेजी से अपनाने के कारण भारत एआई इनोवेशन, विकास और उसे लागू करने में तेजी से आगे बढ़ने को तैयार है। माइक्रोसॉफ्ट के चेयरमैन और सीईओ सत्य नडेला ने कहा, भारत इंडिक भाषाओं के क्षेत्र में और एआई का उपयोग करके अपने उद्योगों में बदलाव ला सकता है।

## बांग्लादेश में फूड ऑयल की कमी, रमजान माह से पहले लोगों की बढ़ी परेशानी

### कीमतें छू रही आसमान, यूनुस सरकार ने कहा-जल्द निकालेंगे समाधान



ढाका,(ए)। बांग्लादेश में इस्लाम के सबसे पवित्र माह रमजान से पहले ही कई जरूरी चीजों की किल्लत हो गई है। लोगों को फूड ऑयल की कमी का सबसे ज्यादा सामना करना पड़ रहा है। खाने के तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का कहना है कि यह परेशानी अस्थायी है। इसका समाधान जल्द कर लिया जाएगा।

बांग्लादेश में जब से मोहम्मद यूनुस ने कार्यवाहक पीएम के रूप में पद संभाला है, स्थिति और गंभीर हो गई है। पिछले साल बांग्लादेश में संकट के बाद शेख हसीना ने पीएम पद छोड़कर भारत आ गई थीं। शेख हसीना के बाद मोहम्मद यूनुस कार्यवाहक पीएम बन गए थे, लेकिन अब स्थिति उनसे संभल नहीं रही है। बांग्लादेश की ऑयल इंडस्ट्री का कहना है कि आपूर्ति संबंधी चिंताओं के बीच खाद्य तेल की कीमतें बढ़ी हैं। रिटेलर्स और रिफाइनर्स का कहना है कि ड्रिस्ट्रीब्यूटर तेल की जमाखोरी कर रहे हैं और उसकी आपूर्ति नहीं कर रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जानकारों का कहना है कि बांग्लादेश की सीमा पार फूड ऑयल की तस्करी की जा रही है। वह इसलिए क्योंकि पड़ोसी देशों में इसकी कीमत ज्यादा मिल रही है। बांग्लादेश में पिछले कुछ दिनों में तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं। यहां बिना ब्रांड वाला सोयाबीन तेल 170 से 175 टका बिक रहा है। वहीं ब्रांड वाले तेल की कीमत 175 से 178 टका प्रति लीटर है। बांग्लादेश का एक टका भारत के 72 पैसे के बराबर है। बांग्लादेश ट्रेडिंग कॉरपोरेशन (टीसीबी) के मुताबिक पिछले हाल ही में खुले सोयाबीन तेल की कीमतों में 4 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी के साथ यह 180 टका प्रति लीटर से बढ़कर 182 टका प्रति लीटर हो गई है।

घरेलू आपूर्ति पूरी करने के लिए बांग्लादेश सरकार ने चावल भूसी के तेल के निर्यात पर 25 फीसदी नियामक शुल्क लगाया है। इसके बाद भी स्थिति कंट्रोल में नहीं आ रही है। इंडस्ट्री के मुताबिक सरकार के हस्तक्षेप के बावजूद चावल भूसी के तेल पर शुल्क से व्यापक संकट में कोई खास अंतर नहीं आएगा। चिंता सोयाबीन और पाम तेल को लेकर है। बांग्लादेश में सालाना खाद्य तेल की मांग 2.3 से 2.4 मिलियन टन है। यह रमजान के महीने में बढ़कर 3 मिलियन टन हो जाती है। रिफाइनरी कंपनियों के मुताबिक फूड ऑयल की आपूर्ति में पिछले कुछ महीनों की तुलना में तेजी आई है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## दुर्व्यवहार की शिकार लड़कियां

किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाने की महिला की सहमति उसके निजी पलों को वीडियो में कैद करने और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट करने की सहमति के रूप में नहीं माना जा सकता। दिल्ली हाई कोर्ट ने यह कहते हुए दुष्कर्म के आरोपी को जमानत देने से इंकार कर दिया। आरोपी के कृत्य को अदालत ने स्पष्ट तौर पर ब्लैकमेलिंग बताया। शिकायतकर्ता ने परिचित पुरुष से कर्ज लिया जिसे नौकरी प्राप्त होने के बाद चुकाने का वादा था। इस दरम्यान दोनों में नजदीकियां बढ़ती गई और वे वाह्ट्सएप पर बातें करने लगे। वीडियो कॉल के दौरान वह जो कहता, महिला वही करती। प्रेमालाप के दौरान दोषी ने उसे बरगला कर कपड़े उतरवाए और नग्न वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। अनबन होने पर दोषी ने यह वीडियो उसके पैतृक गांव के कुछ लोगों व सोशल मीडिया पर पोस्ट कर उसे बदनाम करना शुरू कर दिया। उसका कहना है कि कर्ज की राशि प्राप्त न होने के कारण उसने यह कदम उठाया। चूंकि मामले में महिला मासूम नहीं है। वह विवाहित और परिपक्व है। भावावेशवश, लाभ के लोभ में, मजबूरन या ब्लैकमेलिंग के चलते जो कुछ करने को वह राजी हुई, उस पर अपने धन की वसूली के नाम पर दोषी ने जो तरीका इख्तियार किया वह किसी स्त्री की गरिमा, निजता और अधिकारों पर अतिक्रमण है। हालांकि महिलाओं को सहमति से संबंध बनाने के बावजूद इतना सतर्क और दूरदर्शितापूर्ण निर्णय लेने से नहीं चूकना चाहिए जो विपरीत स्थितियों में उनके खिलाफ हथियार के तौर पर प्रयोग किया जा सके। पूर्व प्रेमियों के ऐसे दुर्व्यहार की शिकार लड़कियां अमूमन ब्लैकमेलिंग की शिकायतें करने से भी घबराती हैं। पुरुषों द्वारा अंतरंग संबंधों या नग्न तस्वीरों को हथियार की तरह प्रयोग के प्रति महिलाओं को जागरूक रहना होगा। अपनी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था में महिलाओं को झूठी शान व इज्जत के नाम पर तरह-तरह से शोषित किया जाता है। अमूमन पीड़िताएं इस विषम स्थिति से घबरा कर अपना जीवन ही समाप्त कर लेती हैं। अदालत की सख्त टिप्पणी और कड़ी सजा के जरिए दोषियों को भी सीख दी जानी जरूरी है ताकि वे सहमति से बने संबंधों की गोपनीयता को हथियार बना कर अपने ही हाथ जलाने का जोखिम लेने से घबराएं।



(12कैपशन15)बिहार में संत गुरु रविदास की जयंती पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि.

# आप का किला बुरी तरह ढहा

**योगेश कुमार गोयल**

दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का किला बुरी तरह ढह गया है। आतिशी को छोड़ कर पार्टी के लगभग तमाम दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं, और आप ने इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपना सबसे खराब प्रदर्शन किया है।

2015 में आप ने 67 सीटें जीती थीं लेकिन 2020 में यह संख्या घट कर 62 रह गई थी। वहीं, भाजपा ने 2015 में मात्र 3 सीटें जीती थीं जबकि 2020 में 8 सीटें जीतने में सफल हुई थी और बंपर जीत के साथ पूरे 27 सालों बाद अब दिल्ली में सरकार बनाने में सफल हुई है।

सत्ताइस साल पहले भाजपा की सुषमा स्वराज आखिरी बार 52 दिन के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रही थीं और अब दिल्ली में भाजपा की सत्ता में बड़ी वापसी हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन से निकली आप पर घोटाले के गंभीर आरोप लगे थे और यह विधानसभा चुनाव इस बार आप के लिए नाक का सवाल था लेकिन भाजपा ने आप को दिल्ली में जीत का चौका लगाने से रोक दिया। बड़ा सवाल यही है कि आखिर, आप की बड़ी हार के पीछे प्रमुख कारण क्या रहे? दिल्ली में आप ने करीब एक दशक तक शासन किया और लंबे समय तक सत्ता में रहने के कारण जनता के बीच असंतोष और बदलाव की इच्छा बढ़ी थी। विकास कार्य की कमी, बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी और वादों को पूरा न करने के आरोपों ने सत्ता विरोधी लहर को मजबूत किया। परिणामस्वरूप मतदाताओं ने विकल्प के रूप में भाजपा की ओर रुख किया।

राजनीति में आने से पहले केजरीवाल ने कहा था कि वो वीवीआईपी कल्चर को खत्म करेंगे, गाड़ी, बंगला और सुरक्षा लेने की बात से भी उन्होंने इनकार किया था लेकिन सत्ता मिलने के बाद उन्होंने लग्जरी गाड़ियां तो लीं ही, केंद्र से जेड प्लस सुरक्षा मिलने के बावजूद पंजाब सरकार की शीर्ष सुरक्षा भी ली। पार्टी की आंतरिक कलह और नेतृत्व के मुद्दों ने भी आप की हार में योगदान दिया। कई वरिष्ठ नेताओं के पार्टी छोडने या निष्क्रिय होने से संगठनात्मक ढांचे में कमजोरी आई। नेतृत्व के प्रति असंतोष और निर्णय लेने में पारदर्शिता की कमी ने भी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के मनोबल को प्रभावित किया। आप सरकार ने बिजली, पानी और अन्य सुविधाएं मुफ्त मुहैया कराने की घोषणा की थी लेकिन




विपक्ष ने इसे रेवड़ी संस्कृति' कह कर आलोचना करते हुए आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बताया। इन योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में समस्याओं ने भी जनता के बीच नकारात्मक धारणा बनाई जिससे आप' की लोकप्रियता में गिरावट आई। दिल्ली में सड़क, परिवहन और स्वच्छता के क्षेत्रों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में अपेक्षित प्रगति नहीं हो पाई। प्रदूषण, जलभराव और कूड़े के ढेर जैसी समस्याओं का समाधान न होने से जनता में केजरीवाल सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। इन मुद्दों पर सरकार की निष्क्रियता ने मतदाताओं को निराश किया। दिल्ली में आप की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण मुफ्त बिजली-पानी जैसी योजनाओं को माना जाता रहा लेकिन चुनाव के दौरान भाजपा ने भी आप' वाला ही दांव खेला और अपने चुनावी संकल्पों में महिलाओं, बच्चों व युवाओं से लेकर ऑटो रिक्शा चालकों तक के लिए बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो कीं ही, साथ ही यह ऐलान भी किया कि सत्ता मिलने पर आप द्वारा चलाई जा रहीं तमाम योजनाओं को जारी करेगी। भाजपा की इन घोषणाओं से आप की चुनौती बहुत बढ़ गई थी।

विपक्ष खासकर भाजपा की मजबूत रणनीति तथा मुखर प्रचार आप के लिए बड़ी चुनौती बना। कांग्रेस ने भी इस तरह टिकट बांटे जिसने कई सीटों पर आप को आसान जीत से रोकने में अहम भूमिका निभाई। भ्रष्टाचार, विकास की कमी और अन्य मुद्दों पर केंद्रित अभियानों ने जनता के बीच आप के प्रति नकारात्मक धारणा बनाई। भाजपा ने सामाजिक-धार्मिक मुद्दों को भी पुरजोर तरीके से उठाया जिससे आप के समर्थन में बड़ी कमी आई। चुनाव से पहले कांग्रेस और आप के बीच गठबंधन की चर्चाएं थीं लेकिन हरियाणा विधानसभा में दोनों के बीच गठबंधन न होने के कारण दिल्ली में भी दोनों दलों के बीच गठबंधन नहीं हो सका जिसके चलते विपक्षी मतों का विभाजन हुआ और इसका सीधा लाभ भाजपा को मिला। पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस ने एक भी सीट नहीं जीती थी। 2015 में कांग्रेस को 9.7 प्रतिशत मत मिले थे लेकिन 2020 में मतों का प्रतिशत गिर कर 4.3 फीसद रह गया था लेकिन इस बार कांग्रेस के मत प्रतिशत में जो बढ़ोतरी हुई है, उसका नुकसान भी आप को भुगतना पड़ा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी हर चुनावी सभा में आप' को ऐसी आपदा' करार देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने का भरपूर प्रयास किया जिसने जनता के फायदे के लिए मिलने वाली केंद्र की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना को दिल्ली में लागू नहीं होने दिया। इससे भी मतदाताओं के बीच आप की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा और आपदा' वाले नारे से भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश कई गुना बढ़ा। दिल्ली की आबादी में पूर्वांचल (बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड) से आए लोगों की महत्त्वपूर्ण हिस्सेदारी है और विपक्ष ने इस समुदाय की समस्याओं को नजरअंदाज करने के आरोप लगाते हुए आप सरकार को घेरने में कसर नहीं छोड़ी।हरहाल, केजरीवाल का दावा था कि राजनीति में नैतिकता और शुचिता की राजनीति करने आए हैं, लेकिन उन्होंने दूसरे राज्यों के चुनावों में जिस तरह से पैसा खर्च किया और दिल्ली में कोरोना काल के दौरान करोड़ों रुपये खर्च कर जो शीशमहल' बनवाया, उसे लेकर उन पर लगातार लगते रहे आरोपों का पार्टी के पास ही कोई कारगर जवाब नहीं था। देश को भ्रष्टाचार मुक्त करने के बड़े-बड़े दावों के बीच शराब घोटाले जैसे भ्रष्टाचार के छींटे, केजरीवाल की तानाशाहीपूर्ण नेतृत्व शैली, अड़यिल रवैया, इस तरह की बातों से मतदाताओं का केजरीवाल से मोहभंग होता गया और भाजपा एक मजबूत विकल्प के रूप में उभरती गई। कुल मिला कर केजरीवाल की कथनी-करनी के बीच बड़ा अंतर आप की हार का बड़ा कारण रहा।

# विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं

**बलदेव राज भारतीय**

हाल में अमेरिका से 104 आप्रवासी भारतीयों को हथकडियां और बेडियां लगा कर भारत डिपोर्ट कर दिया गया। ये 104 उन लोगों में से थे जो या तो अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे या अपनी वीजा अवधि समाप्त होने के वे पश्चात वहीं रह रहे थे और अमेरिकी प्रशासन के कड़े आव्रजन नियमों की गिरफ्त में आ गए।

अवैध रूप से अमेरिका जाने का जो तरीका सबसे अधिक चर्चा में है, उसे डंकी रूट' कहा जाता है। इस रूट के जरिए अमेरिका पहुंचने की कोशिश करने वालों को जोखिमों का सामना करना पड़ता है-जान का खतरा, लूट-खसोट, यौन शोषण, गिरोहों द्वारा बंधक बनाए जाने जैसी घटनाएं आम हैं। सच्चाई यह है कि यह स्वर्गिक आनंद उठाने का नारकीय मार्ग है। जो व्यक्ति डंकी रू ट से अमेरिका जाने की योजना बनाता है, उसे औसतन 40 से 50 लाख रुपये खर्च करने पड़ते हैं। यह पैसा एजेंटों, फर्जी दस्तावेज, यात्रा और अन्य व्यवस्थाओं में लग जाता है। लेकिन इस मोटी रकम के बावजूद कोई गारंटी नहीं कि व्यक्ति सुरक्षित अमेरिका पहुंच ही जाएगा।

अमेरिका तक पहुंचने के लिए कई देशों से होते हुए बेहद खतरनाक सफर तय करना पड़ता है। इसमें आम तौर पर दुबई, रूस, यूरोप, दक्षिण अमेरिका और फिर मैक्सिको जैसे देशों का रास्ता लिया जाता है। मैक्सिको से अमेरिका की सीमा पार करना सबसे खतरनाक पड़ाव होता है। यहां कई बार लोगों को मानव तस्कर गिरोहों के हाथों लूट लिया जाता है, महिलाओं के साथ रेप की घटनाएं आम हैं, और कई बार लोगों को बंदी बना कर फिरौती मांगी जाती है। यह यात्रा इतनी कठिन होती है कि कई लोग इसे पूरा करने से पहले ही दम तोड़ देते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर रेगिस्तान और जंगलों में हर साल सैकड़ों शव पाए जाते हैं, जो इस खतरनाक सफर की भयावहता दर्शाते हैं।

अगर कोई खतरनाक सफर के बाद अमेरिका पहुंच भी जाता है, तो भी मुश्किलें खत्म नहीं होतीं। उसे या तो राजनीतिक शरण का दावा करना पड़ता है या कोई और बहाना बनाना पड़ता है ताकि अमेरिका में रह सके। राजनीतिक शरण पाने के लिए लोग अक्सर झूठे दावे करते हैं। कई लोग भारत में राजनीतिक उत्पीडन् का झूठा दावा करते हैं-कहते हैं कि उनकी जान को खतरा है, उनके परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है, या भारत में उन्हें धार्मिक या जातिगत भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। कुछ तो यहां तक कह देते हैं कि उनके अपने माता-पिता ही उनके दुश्मन हैं ताकि वे अमेरिका में अपने ठहरने के लिए कोई ठोस आधार बना सकें। हालांकि, अमेरिका की नई आव्रजन नीति अब ऐसे झूठे दावों को परखने के लिए और अधिक सख्त हो चुकी है। किसी का दावा गलत पाया जाता है, तो उसे न सिर्फ डिपोर्ट कर दिया जाता है, बल्कि आजीवन अमेरिका में प्रवेश की अनुमति भी नहीं मिलती। भारत में, खासकर पंजाब, गुजरात और हरियाणा में, हजारों एजेंट सक्रिय हैं, जो लोगों को अमेरिका, कनाडा और यूरोप भेजने का झांसा देते हैं। ये एजेंट लोगों से 30-50 लाख रु पये तक वसूलते हैं, और उन्हें यकीन दिलाते हैं कि वे किसी न किसी तरह अमेरिका पहुंच ही जाएंगे। लेकिन वे किसी की सुरक्षा या कानूनी स्थिति की गारंटी नहीं देते। जब लोग किसी मुसीबत में फंसते हैं, तो एजेंट उनसे कोई संपर्क नहीं रखते और कई बार फरार हो जाते हैं। जो लोग डंकी रूट से अमेरिका जाने की कोशिश करते हैं, वे अपनी ही नहीं, बल्कि अपने परिवार की जिंदगी भी दांव पर लगा देते हैं। जब डिपोर्ट हो जाते हैं, तो उनका परिवार आर्थिक संकट में आ जाता है। घर-जमीन तक बिक जाते हैं, कर्ज का बोझ बढ़ जाता है, और समाज में बदनामी का डर अलग से रहता है। डंकी रूट पर गए कई लोग रास्ते में लापता भी हो जाते हैं, या मारे जाते हैं। उनके परिवार वर्षों तक नहीं जान पाते कि उनके बेटे या भाइयों का क्या हुआ। अवैध आप्रवासन की समस्या से निपटने के लिए जरूरी है कि लोगों को इसके खतरों के बारे में जागरूक किया जाए। सरकार को भी चाहिए कि ऐसे एजेंटों पर कड़ी कार्रवाई करे और युवाओं के लिए देश में ही रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करे। युवाओं को भी समझना होगा कि विदेश जाकर पैसा कमाना आसान रास्ता नहीं है। अगर वे कानूनी तरीके से विदेश जाना चाहते हैं, तो उन्हें सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। अवैध आप्रवासन को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अवैध आप्रवासन का अंत दुखद ही होता है। यह सपना भले ही सुनहरा दिखे, लेकिन इसकी असलियत बेहद भयावह होती है। भारत के युवाओं को सोचना होगा कि क्या वे वाकई अपनी जिंदगी को इस तरह के जोखिम में डालना चाहते हैं? या फिर वे कानूनी और सुरक्षित रास्तों को अपना कर अपने भविष्य को बेहतर बनाना चाहेंगे? फैसला उनके हाथ में है।




मेष राशि- आज आपके रुके हुए महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे। आज आप अपन व्यवहार सकारात्मक बनाएं रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार करने की जरूरत हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में परिवारवालों की मदद मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

वृष राशि- आज का दिन व्यापार की गति बढ़ाने वाला साबित होगा। किसी पुराने निवेश से आज आपको फायदा होगा। आज योजन बनने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपने कार्यों कोपूरा करने में लगायेंगे। मन लगाकर की गई कोशिशें जल्द ही रंग लाएंगी। अगर किसी से अपने मन की बात करना चाहते हैं तो आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपको किस्मत साथ मिलेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। आज आपके बिजनेस में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। विद्यार्थी आज कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। आज बिन वजह विवादों में फंसने से बचें।

कर्क राशि- आज का दिन ठीकङ्कठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। ऑफिस के रुके हुए कार्य निपटाने की कोशिश करेंगे जिनमें आप सफल भी रहेंगे। परिवार से जुड़ा कोई भी फैसला सोच समझकर लें, जल्दबाजी बिलकुल न करें। किसी काम को कल पर टालने से आपको बचना चाहिए। आज आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक रिश्ते और मजबूत होंगे।

सिंह राशि- आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। किसी से भी बात करते समय वाणी पर संयम बनाएं रखें। अपने करियर को लेकर आज आपके मन में दुविधा होगी, लेकिन किसी अनुभवी व्यक्ति से बात करके सॉल्व भी हो जाएगी। आज आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा। बच्चे आज खेल-कूद में व्यस्त रहेंगे।

कन्या राशि- आज आपका ध्यान ऑफिस के कार्यों को पूरा करने में लगा रहेगा। अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज आपका आत्मविश्वास आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासनिक कार्यों को पूरा करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेन होगा। आज बच्चों की कामयाबी पर आप गर्व महसूस करेंगे। आज आपका पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। भाई-बहनों का सहयोग मिलता रहेगा।

तुला राशि- आज आपके मन में नए नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आज आप अपने बनाए प्लान में बदलाव करेंगे, जिससे आपको लाभ भी होगा। बिजनेस में भी कुछ नया करने की योजन बनाएंगे। आज आप दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा। आज परिवार वालों से गंभीर मुद्दे पर बात होगी। संगीत से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन रहने वाला है।

वृश्चिक राशि- आज बड़े बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। आज अचानक धन लाभ होने के योग बन रहे है। आज आप सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। जिससे समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु पक्ष आप पर हावी होने की कोशिश करेगा, लेकिन आप अपनी सूझ-बुझ से उन्हें असफल कर देंगे। नौकरी करने वाले लोगों को तरक्की के नए अवसर मिलेंगे। ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

धनु राशि- आज आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर वालों के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगायेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मानङ्कसम्मान बढ़ेगा। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। आज माता के साथ रिश्ते और बेहतर होंगे। बिजनेस में पिता का सहयोग प्राप्त होगा। आज आप अपने जीवनशैली में बदलाव करेंगे, ये बदलाव आपके लिए काफी फायदेमंद साबित होंगे।

मकर राशि- आज वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोतरी भी होगी, जिससे आप आज पूरे दिन प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाएं रखें। छात्रों के लिए आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपन योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से बात होगी। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें, अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए समय समय पर चेकअप कराते रहे। घर में नन्हें मेहमान के आने से परिवार में उत्सव जैसा माहौल बनेगा।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज जो भी काम शुरू करेंगे उसमें आपको सफलता मिलेगी। संतान की करियर को बेहतर दिशा देने के लिए आज आप किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के काम की सीनियर्स तारीफ करेंगे।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

**ललित गर्ग**

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से




भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।

स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे। एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।

तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था।

# दिग्विजय सिंह ने संगम में लगाई डुबकी, बोले- वीआईपी नहीं, आम आदमी के तौर पर आया हूं

प्रयागराज (ए.)। कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ 2025 क्षेत्र में पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि मैं पिछले तीन महाकुंभों में पवित्र स्नान के लिए आता रहा हूं। मेरे लिए यह राजनीति का नहीं बल्कि भक्ति का विषय है। अगर हर सड़क पर पार्किंग की जगह बना दी जाए तो ट्रैफिक जाम नहीं होगा। उन्होंने कहा कि हम यहां वीआईपी के तौर पर नहीं बल्कि आम आदमी के तौर पर आए हैं। मैं सभी की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना करता हूं। बाद में दिग्विजय सिंह ने एक्स पर लिखा कि आज माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम में स्नान करने और अर्घ्य देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। मैंने इस अवसर पर माँ गंगा से देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना की। उनके बेटे विधायक जयवर्धन सिंह ने लिखा कि आज प्रयागराज में मेरे पिता दिग्विजय सिंह जी के साथ महाकुंभ माघ पूर्णिमा के पावन दिन पर त्रिवेणी संगम में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। माँ गंगा यमुना सरस्वती, सूर्यदेव भगवान, हमारे पितरों व देवी देवताओं का आशीर्वाद और असीम कृपा सदैव बनी रहे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज माघी पूर्णिमा के अवसर पर करोड़ों लोग प्रयागराज महाकुंभ में डुबकी लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह नया उत्तर प्रदेश है, जिसकी



आबादी 25 करोड़ है और कल तक 50 करोड़ लोग प्रयागराज में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। लेकिन कुछ लोगों को चोरी-छिपे ऐसा करने की आदत होती है, उन्होंने कोरोना वायरस की वैक्सीन तो लगवा ली लेकिन दुनिया से कहते रहे कि वैक्सीन न लगवाएं। बिना नाम लिए अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने चोरी-छिपे संगम में डुबकी लगाई और वापस आ गए लेकिन जनता से कह रहे हैं कि डुबकी न लगाएं। जब उन्हें मौका मिला तो उन्होंने कुछ नहीं किया।

## केरल के वायनाड जिले में जंगली हाथी के हमले से एक युवक की मौत



तिरुवनन्तपुरम (ए)। केरल के इस पहाड़ी जिले में एक जंगली हाथी के संदिग्ध हमले में 27 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेप्पाडी पुलिस थाना की सीमा के अंतर्गत अट्टामाला के एक आदिवासी बस्ती की यह घटना बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पहचान आदिवासी समुदाय के सदस्य बालकृष्णन के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह घटना मंगलवार रात को हुई और उसका शव बुधवार को मिला। पुलिस और वन विभाग के अधिकारी इलाके में पहुंच कर मामले की जांच कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस जिले में केरल-तमिलनाडु सीमा पर नूलपुझा गांव के एक जंगल के किनारे के इलाके में जंगली हाथी के हमले में 45 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत के एक दिन बाद यह घटना सामने आई है। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने मंगलवार को विरोध प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि वे हाथियों सहित जंगली जानवरों के हमलों के लगातार खतरे के कारण अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

## हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 225 कार्टून कन्टेनर सहित जब्त, एक अभियुक्त गिरफ्तार

जयपुर (आरएनएस)। अवैध शराब की तस्करी के विरूद्ध उदयपुर जिले की खेरवाड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई कर एक ट्रक कंटेनर से हरियाणा निर्मित अंग्रेजी शराब के 225 कार्टून जब्त किये है। गिरफ्तार अभियुक्त नसरुदीन उर्फ वकील पुत्र हारुन खान निवासी मैंदापुर थाना फिरोजपुर जिला नूह हरियाणा प्लास्टिक के दानों की आड़ में अवैध शराब तस्करी कर अहमदाबाद ले जा रहा था। आरोपी 1200 किलोमीटर की दूरी तय कर लगभग गुजरात बॉर्डर तक पहुंच गया था, लेकिन सजग उदयपुर पुलिस ने धर लिया। उदयपुर पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल व सीओ राजीव राहर के सुपरविजन में एसएचओ दलपत सिंह राठौड मय टीम द्वारा मुखबीर की सूचना पर नेशनल हाईवे 48 पर हरियाणा नंबर के एक कन्टेनर को रूकवाया गया। कन्टेनर चालक से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम नजरूदीन उर्फ वकील निवासी नूह हरियाणा होना बता कण्टेनर में प्लास्टिक के दानों के कट्टे भरे होना बताया। संदिग्ध लगने पर चैक किया तो प्लास्टिक के कट्टे में प्लास्टिक के दाने भरे थे।

## पेपर लीक पर न्यायिक फटकार : हाईकोर्ट ने उठाए आरपीएससी की कार्यशैली पर सवाल

जयपुर(आरएनएस)। राजस्थान में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर हाईकोर्ट ने आरपीएससी की निष्क्रियता पर कड़ी नाराजगी जताई। जस्टिस समीर जैन की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरपीएससी के कार्यवाहक चेयरमैन कैलाश चंद्र मीणा से सीधे सवाल किया-जब आयोग के दो सदस्यों के नाम सामने आए, तो एफआईआर दर्ज कराने की जिम्मेदारी आपकी नहीं थी?

**आरपीएससी में कुछ भी संभव- हाईकोर्ट**

हाईकोर्ट ने मौखिक टिप्पणी करते हुए पूछा, क्या आरपीएससी का कोई धणी-धोरी है? अदालत ने कहा कि आयोग पूरे मामले में साइलेंट मोड में है, जबकि इतनी गंभीर अनियमितताएँ उजागर हो रही हैं।एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने कोर्ट को बताया कि पहले आरपीएससी में इस तरह की गड़बड़ियाँ होती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं हो रहा। इस पर हाईकोर्ट ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा-जो अब हो रहा है, वो 3-4 साल बाद पता चलेगा।याचिकाकर्ता ने प्रवर्तन निदेशालय को पार्टी बनाने के लिए आवेदन दायर किया था। इस पर हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि अब इसकी जरूरत नहीं, क्योंकि अदालत पहले ही ईडी को जांच में शामिल करने के आदेश दे चुकी है।

**सदस्यों की नियुक्ति पर भी उठे सवाल**

हाईकोर्ट ने आरपीएससी में सदस्यों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े किए और मौखिक टिप्पणी में कहा कि आयोग की कार्यप्रणाली पारदर्शी नहीं दिख रही है। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर राजस्थान में भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि कोर्ट के इन तीखे सवालों के बाद सरकार और आयोग क्या रुख अपनाते हैं।

## परीक्षा पे चर्चा : दीपिका पादुकोण ने बच्चों से कहा, अपने स्ट्रेस के बारे में माता-पिता और शिक्षकों से करें बात

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने भाग लिया, जहां वो अपने व्यक्तिगत अनुभवों को छात्रों संग शेयर करती नजर आईं। इसके साथ ही उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और परीक्षा के दौरान तनाव को कैसे मैनेज करें इस पर भी बात की। चर्चा के दौरान दीपिका ने अपने बचपन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उनका खेल और गतिविधियों के प्रति झुकाव था। उन्होंने कहा, मैं बचपन में बहुत शरारती थी। आज भी मेरे माता-पिता कहते हैं कि आप दीपिका को कभी भी जमीन पर नहीं पाएंगे। मैं हमेशा सोफे, टेबल और कुर्सियों पर कूदती रहती थी। मुझे एक्स्ट्रा-करिकुलर (पाठ्येतर) गतिविधियों में अधिक रुचि थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए दीपिका ने परीक्षा पे चर्चा के माध्यम से छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए धन्यवाद दिया। अभिनेत्री ने छात्रों से तनाव, शिक्षकों और अभिभावकों के दबाव से निपटने के बारे में बात करने के साथ उन्हें सलाह भी दी, दीपिका ने कहा, उन चीजों पर फोकस करें जिन्हें आप कंट्रोल कर सकते हैं। अपने माता-पिता और शिक्षकों से अपने तनाव के बारे में बात करें, इसके कारण की पहचान करें और इसे किसी ऐसे व्यक्ति को बताएं जिस पर आप भरोसा करते हैं। उन्होंने छात्रों को तनाव से निपटने के प्रभावी तरीकों के रूप में ध्यान और व्यायाम का अभ्यास करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। दीपिका ने इस बात पर जोर दिया कि गलतियां करना सीखने का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने मौज-मस्ती, आराम के साथ प्रकृति और धूप के साथ की भी बात की। एक इंटरैक्टिव सीजन के हिस्से के रूप में उन्होंने एक गतिविधि आयोजित की जिसमें छात्रों ने कागज के टुकड़ों पर अपनी ताकत लिखी और उन्हें एक बोर्ड पर प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा, 'यह गतिविधि आपको यह एहसास कराती है कि यदि आप अपनी कमजोरियों के बजाय अपनी ताकत पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप देखेंगे कि आप कितनी चीजों में अच्छे हैं। सीजन में एक मजेदार तत्व जोड़ते हुए दीपिका ने छात्रों के साथ कई गेम भी खेले। इससे पहले मंगलवार को, उन्होंने परीक्षा पे चर्चा में अपनी भागीदारी की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था। उन्होंने शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला और इस एपिसोड के बारे में उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी के तनाव और दबाव से निपटने में छात्रों की मदद करने के प्रयासों की सराहना की थी।




लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला नई दिल्ली में संसद भवन में हार्वर्ड बिजनेस स्कूल के पूर्व छात्र समूह के साथ बैठक करते हुए।

## गुरु रविदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए राहुल गांधी ने कहा, उनके आदर्श हमारा मार्गदर्शन करेंगे



नई दिल्ली,(आरएनएस)। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को गुरु रविदास जयंती के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं।15वीं और 16वीं शताब्दी में भक्ति आंदोलन के एक पूज्य संत गुरु रविदास को एकता, भक्ति और मानवता की सेवा के अपने शक्तिशाली संदेश के लिए जाना जाता है।राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आप सभी को संत गुरु रविदास जी की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं। उनकी शिक्षा हमें मानवता की सेवा, सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देती हैं - उनके ये आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी गुरु रविदास की एक कविता के अंश के साथ सोशल मीडिया पर अपनी शुभकामनाएं साझा कीं। खड़गे ने एक्स पर लिखा, कृस्न, करीम, राम, हरि, राघव, जब लग एक न पेखा।वेद कतेब कुरान, पुरानन, सहज एक नहिं देखा।जात-पात, छुआछूत, आडंबर, अन्याय, भेदभाव, नफ़रत, असमानता व समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में एक नई चेतना जगाने वाले, सामाजिक न्याय के पुरोधा, संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।केरल के वायनाड लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भी एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, रैदास हमारो साइयां, राघव राम रहीम। सभ ही राम को रूप है, केसो क्रिस्न करीम॥ संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं। गुरु रविदास जी ने अपनी रचनाओं के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार कर मानवता, समता, शांति और सद्भावना का संदेश दिया। उनके महान विचार देश को सदैव रास्ता दिखाएंगे।इस अवसर पर कई राज्यों ने सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। पंजाब, हरियाणा और उत्तराखंड ने राज्यव्यापी अवकाश घोषित किया है, जबकि दिल्ली सरकार ने भी सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

## राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास का निधन, 85 साल की उम्र में लखनऊ पीजीआई में ली आखिरी सांस



अयोध्या (आरएनएस)। अयोध्या में भगवान रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास का 85 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने लखनऊ पीजीआई में बुधवार को आखिरी सांस ली। उन्हें 3 फरवरी को स्ट्रोक के कारण गंभीर हालत में न्यूरोलॉजी वार्ड के एचडीयू में भर्ती कराया गया था। अस्पताल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि अयोध्या राम मंदिर के मुख्य पुजारी श्री सतेंद्र दास जी ने आज अंतिम सांस ली। सत्येंद्र दास 34 साल से रामजन्मभूमि में बतौर मुख्य पुजारी सेवा दे रहे थे। 6 दिसंबर, 1992 को बाबरी विध्वंस के समय वे रामलला को गोद में लेकर भागे थे। तब से लेकर आज तक राम लला की सेवा कर रहे थे। सत्येंद्र दास का जन्म संतकबीरनगर जिले में 20 मई, 1945 में हुआ हुआ था। जो अयोध्या से 98.4 किमी की दूरी पर है। वे बचपन से ही भक्ति भाव में रहते थे। उनके पिता अकसर अयोध्या आया करते थे, वह भी अपने पिता के साथ अयोध्या घूमने आया करते थे। यहां उनके पिता अभिरामदास जी के आश्रम में आते थे। सत्येंद्र दास भी अभिराम जी के आश्रम में आने लगे थे। अभिराम दास वही थे, जिन्होंने राम जन्मभूमि में 22-23 दिसंबर 1949 में गर्भगृह में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और सीता जी मूर्तियों के प्रकट होने का दावा किया था। इन्हीं मूर्तियों के आधार पर आगे की लड़ाई लड़ी गई।

# 10 सालों में सबसे गर्म फरवरी का महीना पारा 28 के पार



नई दिल्ली (ए)। मौसम को लेकर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें दावा किया है कि देश में ऋतुएं सिकुड़ रही हैं। इसकी वजह से जाड़े और गर्मी के दिन कम होते जा रहें है। इस साल फरवरी महीने में ही गर्मी की शुरूआत हो गई है। बीते 10 वर्षों में इस साल की जनवरी के बाद फरवरी सबसे गर्म रही। फरवरी की शुरूआत में ही अधिकतम तापमान 28 के पार चला गया। मौसम में हो रहे इस उलटफेर को लेकर चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय यानी सीएसए के मौसम विभाग ने रिसर्च किया है। इसमें दावा किया गया है कि देश में ऋतुएं सिकुड़ रही हैं। तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन की वजह से चाहे बसंत हो या हेमंत और शरद ऋतु, इनकी अवधि धीरे धीरे कम होती जा रही है। सीएसए के मौसम विभाग के वैज्ञानिकों ने बीते 10 वर्षों में जलवायु की स्थिति का अध्ययन करने के बाद अपनी रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट में बताया है कि गर्मी, बरसात और जाड़े के समय और उसके प्रभाव में बड़ा परिवर्तन आया है। इस साल के मौसम का हवाला देते हुए कहा गया है कि ठंड खत्म होने से पहले ही गर्मी शुरू हो गई। फरवरी महीने में ही दिन गर्म होने लगे। अब तो सिर्फ सुबह और शाम की ही ठंड बाकी रह गई है। वैज्ञानिकों के मुताबिक जलवायु में हो रहे परिवर्तन को समझाने के लिए डेटा कैप्सूल तैयार किया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी महीने में तापमान औसत से 7 डिग्री अधिक चल रहा है। जनवरी महीने में भी गर्मी पुराने रिकार्ड तोड़ कर नई ऊंचाई पर पहुंच गई। जनवरी 2025 में औसत तापमान 13 ।23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस रिपोर्ट के मुताबिक साल 2018 में 3 से 4 डिग्री की ठंड सिर्फ 7 दिन पड़ी थी। जबकि साल 2023 और 2024 में इतनी ठंड केवल 3 दिन ही रही। इसका अर्थ यह कि बीते कुछ वर्षां में कड़ाके की ठंड बस कुछ ही दिनों की रह गई है। इसी प्रकार गर्मी को लेकर जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि साल 2018 में 10 दिनों तक 42 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया था। जबकि साल 2022 में इतनी ही गर्मी केवल 22 दिन ही रही।

वहीं 2024 में 42 से 44 डिग्री सेल्सियस की गर्मी 28 दिन रहे थे। वैज्ञानिकों के मुताबिक मौसम में हुए इस बदलाव के सबसे बड़ी वजह ग्लोबल वॉर्मिंग और जलवायु के पैटर्न में बदलाव को माना गया है।

## अरुणाचल प्रदेशः पहाड़ी से टकराया ट्रक, दो लोगों की मौत

ईटानगर (ए)। अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर के पास होलोंगी इलाके में एक ट्रक के पहाड़ी से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ईटानगर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि यह घटना सोमवार रात राष्ट्रीय राजमार्ग-415 पर हुई। उन्होंने बताया कि 18 पहियों वाला ट्रेलर ट्रक खुदाई के भारी उपकरण ले जा रहा था। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक ट्रक के चालक की पहचान असम के सिबसागर निवासी रिपम बोरा (30) और उसके सहयोगी की पहचान पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद निवासी मेहदी हसन (24) के रूप में हुई है। दोनों ट्रक के केबिन के अंदर फंस गए और उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। एसपी ने बताया कि शवों को कब्जे में लिया गया है और पोस्टमार्टम के लिए नाहरलगुन स्थित च्टोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेजज् (टीआरआईएचएमएस) भेज दिया गया। सिंह ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में चिम्पू पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।



उत्तर प्रदेश के वाराणसी में माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा में पवित्र डुबकी लगाने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु दशाश्वमेध घाट पर एकत्रित हुए।

## हरियाणा में बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग को ईसी ने किया खारिज, कांग्रेस बोली- सुप्रीम कोर्ट में भी दायर है याचिका

चंडीगढ़ (आरएनएस)। चुनाव आयोग ने हरियाणा में होने वाले निकाय चुनाव को बैलेट पेपर से कराने की कांग्रेस की मांग को खारिज कर दिया है। चुनाव आयोग के इस निर्णय पर हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और विधायक अशोक अरोड़ा की प्रतिक्रिया आई है। उन्होंने कहा कि भले ही चुनाव आयोग ने हमारी मांग को खारिज कर दिया है, लेकिन पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर कर रखी है। हरियाणा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक अरोड़ा ने कहा, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के नेतृत्व में मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की गई थी। हमने मांग की थी कि ईवीएम को लेकर देशभर में एक प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में हारने के बाद कांग्रेस पार्टी के हारे हुए 18 उम्मीदवारों ने जीते हुए प्रत्याशियों के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में ईवीएम को लेकर भी एक याचिका दायर की है।

# महाकुंभ भगदड़ में मारे गए श्रद्धालुओं को दी गई जलांजलि



महाकुंभ नगर,(आरएनएस)। जलांजलि और तिलांजलि दी गई। दरअसल, माघ पूर्णिमा के स्नान से पहले भारतवर्षीय धर्म संघ, स्वामी करपात्री फाउंडेशन, वैदिक कायाकल्प संस्थान द्वारा गंगा घाट पर पहुंचकर मंत्रोच्चारण किया गया। इस दौरान उन्होंने मौनी अमावस्या पर भगदड़ के दौरान मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए तिलांजलि दी गई। अखिल भारतवर्षीय धर्म संघ के महंत गुण प्रकाश चैतन्य ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, देश में अनूठा कार्य आज से नहीं बल्कि अनादिकाल से चला आ रहा है। मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर जो घटना घटित हुई थी, उन दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए आज तिलांजलि दी गई है। आज के दिन चतुर्दशी और पूर्णिमा का पावन पर्व शुरू हुआ है, इसी वजह से उन दिवंगत आत्माओं को जलांजलि और तिलांजलि दी गई, ताकि मृत आत्माओं को मोक्ष मिल सके। हम यहां आने वाले लोगों से भी अपील करेंगे कि वह भी मृतकों को श्रद्धांजलि दें। मौनी अमावस्या के दिन महाकुंभ में भगदड़ की घटना हुई थी। इस घटना में कम से कम 30 श्रद्धालुओं की मौत गई थी और कई लोग घायल भी हुए थे। बता दें कि मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। ज्ञात हो कि महाकुंभ की शुरुआत 13 जनवरी को हुई थी। इसका समापन 26 फरवरी को होगा।

# दुल्हनिया बीड़ीवाली शो में नजर आएंगी पौलमी दास

‘बिग बॉस ओटीटी 3’ की पूर्व प्रतियोगी पौलमी दास ‘दुल्हनिया बीड़ीवाली’ शो में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शो में अभिनेत्री के किरदार का नाम चंपा है। ‘दुलहनिया बीड़ीवाली’ की कहानी निशा नामक एक नवविवाहिता की है, जो अपने पति रोहन के साथ अपने पैतृक गांव जाती है, जहां उसे चंपा (पौलमी) की किंवदंती से जुड़े एक अभिशाप का पता चलता है। गांव में रिवाज रहता है कि इस भय से बचने के लिए हर आदमी को दुल्हन की पोशाक पहननी पड़ेगी। हालांकि, रोहन ऐसा करने से इंकार कर देता है। इसके बाद कहानी में से कई रहस्य सामने आने लगते हैं, जिसे लेकर गांव में भय व्याप्त हो जाता है। निशा का अतीत उसके सामने आकर खड़ा हो जाता है। इसके बाद वह रोहन की रक्षा करने और अभिशाप को तोड़ने के लिए लड़ाई लड़ती है। ‘दुलहनिया बीड़ीवाली’ में ड्रामा रहस्य, परंपरा और अलौकिक तत्वों का मिश्रण है। अभिनेत्री पिछली बार एएलटीटी के शो ‘नागवधू-एक जहरीली कहानी’ में नजर आई थीं। अभिनेत्री इंडियाज नेक्स्ट टॉप मॉडल में एक प्रतियोगी के तौर पर भाग ले चुकी हैं। साल 2016 में वह ‘सुहानी सी एक लड़की’ में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें उनके किरदार का नाम ‘बेबी’ रहता है। अभिनेत्री को ‘दिल ही तो है’ में ‘अनन्या पुरी’ नामक किरदार के रूप में लिया गया था। साल 2020 में उन्हें ‘कार्तिक पूर्णिमा’



में ‘पूर्णिमा’ की मुख्य भूमिका में लिया गया। पौलमी ‘पौरषपुर’ और ‘नागिन 6’ टाइटल के वेब सीरीज में भी काम कर चुकी हैं। पौलमी ‘बिग बॉस ओटीटी’ के तीसरे सीजन में भी भाग ली थीं, जिसे बॉलीवुड स्टार अनिल कपूर ने होस्ट किया था। शो का ग्रैंड फिनाले अगस्त 2024 में हुआ, जिसमें सना मकबूल विजेता और नैजी शेख उपविजेता बनीं। तीसरे सीजन में पौलमी शो के 12वें दिन बाहर हो गई थीं।

## रणवीर इलाहाबादिया विवाद के बाद सिद्धांत चतुर्वेदी, राखी सावंत समेत अन्य को महाराष्ट्र साइबर ने किया तलब

कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लेटेंट के हालिया एपिसोड पर यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया की टिप्पणी ने बवाल मचा दिया है। इस शो के कंटेंट की सोशल मीडिया पर आलोचना हो रही है। आम जनता से लेकर राजनेता और फिल्मी हस्तियां तक, हर कोई रणवीर के बयान पर अपना गुस्सा निकाल रहा है। इन सबके बीच महाराष्ट्र साइबर सेल ने शो में शामिल हो चुके कई सेलेब्रिटीज को तलब किया है, इसमें बॉलीवुड एक्टर सिद्धांत चतुर्वेदी भी शामिल हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी समय, रणवीर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपूर्व मखीजा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महाराष्ट्र साइबर सेल ने यूट्यूब शो इंडियाज गॉट लेटेंट के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## बॉक्स ऑफिस पर तूफान लेकर आई नागा चैतन्य की थंडेल, 4 दिन में वर्ल्डवाइड कलेक्शन 70 करोड़ का आंकड़ा पार



पुष्पा 2 द रूल के बाद इस साल जो फिल्म दुनियाभर में तूफान मचा रही है, वो नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म थंडेल है। चंदू मोंडेती के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस ही नहीं, बल्कि दुनियाभर में भी कोहराम मचा दिया है। चार दिन में कारोबार ने आसमान छू लिया है।

रोमांटिक एक्शन थ्रिलर थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों ने खूब सराहा है। इसी का नतीजा है कि फिल्म दुनियाभर में अच्छा बिजनेस कर रही है। गौर फरमाने वाली बात है कि इस फिल्म के साथ बॉलीवुड की दो और फिल्में लवयापा और बैडएस रवि कुमार भी आईं। हालांकि, यह दो नई बॉलीवुड फिल्में नागा चैतन्य की फिल्म का बाल भी बांका नहीं कर पाईं। भारत में 40 करोड़ रुपये के करीब कमाने वाली थंडेल दुनियाभर में 100 करोड़ के करीब पहुंचने के लिए अपने कदम आगे बढ़ा रही है। थंडेल ने चार दिन के अंदर वर्ल्डवाइड एक शानदार कलेक्शन किया है। निर्माता के मुताबिक, गीता आर्ट्स् के बैनर तले बनी फिल्म ने चार दिन में वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन 73.20 करोड़ रुपये कर लिया है। इस जानकारी के साथ मेकर्स ने लिखा है कि वैलेंटाइन वीक में ब्लॉकबस्टर थंडेल ने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा जारी रखा। नागा चैतन्य और साई पल्लवी की फिल्म वर्ल्डवाइड के साथ-साथ घरेलू बॉक्स ऑफिस पर भी खूब नोट छाप रही है। हम थंडेल की तुलना पुष्पा 2 के साथ नहीं कर सकते हैं, क्योंकि पुष्पा की सबसे ज्यादा कमाई हिंदी भाषा में हुई थी, जबकि थंडेल हिंदी भाषा में एक करोड़ कमा पाने में भी असफल साबित हुआ। रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड थंडेल की कहानी एक मछुआरे की है, जो एक ग्रुप के साथ गलती से समंदर पार कर पाकिस्तान चले जाते हैं और गिरफ्तार हो जाता हैं। पाकिस्तान के कैद में मछुआरों का वहां क्या हाल होता है, थंडेल इसी कहानी के इर्द-गिर्द घूमती है। नागा चैतन्य के साथ लीड रोल में साई पल्लवी हैं।


## बॉक्स ऑफिस पर जुनैद खान और खुशी कपूर की फिल्म लवयापा का हाल-बेहाल, लाखों में सिमटी कमाई



जुनैद खान और खुशी कपूर काफी समय से फिल्म लवयापा को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते 7 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि यह बड़े पर्दे पर दोनों की पहली फिल्म है। इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर इसका हाल-बेहाल है। आलम यह है कि केवल 4 दिन में फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लवयापा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को 60 लाख रुपये का कारोबार किया। जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 5.15 करोड़ रुपये हो गया है। लवयापा ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 1.65 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 1.75 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का अनुमानित बटज 50 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। लवयापा का निर्देशन अद्वैत चंदन ने किया है।

## सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव की रिलीज तारीख जारी, 28 फरवरी को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

आने वाले दिनों में कई फिल्में दर्शकों का मनोरंजन करती दिखेंगी, जिनमें से एक सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव भी है। पिछले साल सितंबर में इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया गया था, जो दर्शकों की कसौटी पर खरा उतरा था। तभी से दर्शक फिल्म की रिलीज तारीख का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब मालेगांव के लड़कों की नई झलक जारी कर फिल्म के निर्माताओं और निर्देशक ने इसकी रिलीज तारीख का ऐलान भी कर दिया है। यह फिल्म सिनेमाघरों के बाद अमेजन प्राइम वीडियो पर आएगी। प्राइम वीडियो ने अपने पोस्ट में लिखा, एक छोटे शहर से बड़े पर्दे तक, मिलिए मालेगांव के सुपरबॉयज से- एक ऐसी टीम जो सपने देखने की हिम्मत रखती है और उसे पूरा करने का साहस करती है। फिल्म से आदर्श गौरव समेत सभी कलाकारों की नई झलकियां सामने आई हैं। इसी के साथ ओटीटी प्लेटफॉर्म ने ऐलान किया कि फिल्म 28 फरवरी को सिनेमाघरों का रुख करेगी। रीमा कागती के निर्देशन में बनी इस फिल्म में आदर्श गौरव, शशांक अरोड़ा, विनीत कुमार सिंह, अनुज सिंह दुहान, साकिब अयूब, पल्लव सिंह, मंजरी सहित कई प्रतिभाशाली कलाकार हैं। सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव पिछले साल 13 सितंबर को





टोरंटो अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाई गई थी। इसके बाद 10 अक्टूबर को बीएफआई लंदन फिल्म फेस्टिवल में भी इसकी स्क्रीनिंग हुई थी। फिल्म की कहानी महाराष्ट्र के छोटे से शहर मालेगांव की पृष्ठभूमि पर तैयार की गई है।

## साइंस-फिक्शन बैदा का फर्स्ट लुक आउट

अपकमिंग साइंस-फिक्शन सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म ‘बैदा’ के फर्स्ट लुक को मेकर्स ने आउट कर दिया। फिल्म का पोस्टर दर्शकों को एक दिलचस्प दुनिया में ले जाने का वादा करती है, जिसमें खाली पड़े घर, लालटेन, जंगल और भ्रम का जाल नजर आया। निर्देशक सुधांशु राय की एक लोकप्रिय ऑडियो स्टोरी पर बनी फिल्म का बैकग्राउंड भारत के हिंदी हार्टलैंड से है। फिल्म का निर्देशन सुधांशु राय और पुनीत शर्मा ने किया है। साइंस-फिक्शन थ्रिलर फिल्म में शोभित सुजय, मनीषा राय, तरुण खन्ना, सौरभ राज जैन, हितेन तेजवानी, अखलाक अहमद आज़ाद और प्रदीप काबरा हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए पुनीत शर्मा ने कहा, बैदा भ्रम की कहानी है, जिसमें सुधांशु का किरदार फिल्म में कई आयामों और समय-सीमाओं से होकर गुजरता है। जैसे ही वह किसी अंजान जगह की ओर बढ़ता है, उसकी मुलाकात किसी भ्रमित व्यक्ति से होती है और फिर एक ऐसा अनुभव शुरू होता है जो भारतीय दर्शकों के सामने पहले कभी नहीं आया।

## अनुष्का सेन ने कातिल अदाओं से इंटरनेट पर बरपाया कहर, एक्ट्रेस की हॉटनेस देख दीवाने हुए फैंस



एक्ट्रेस अनुष्का सेन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस को अपने हुस्न का कायल कर देती हैं। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनका क्यूटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस के होश उड़ गए हैं। अनुष्का सेन ने बेहद ही कम उम्र से अपने करियर की शरुआत की थी। एक्ट्रेस ने टीवी शोज में अपनी दमदार एक्टिंग से करोड़ों दर्शकों के दिल में अपनी जगह बनाई है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं, जिसमें उनका क्यूट लुक देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। अनुष्का सेन की लेटेस्ट तस्वीरों में आप देख सकते हैं उन्होंने पिंक कलर का बेहद ही स्टाइलिश वनपीस ड्रेस पहना हुआ था, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग पोज देते हुए हॉट फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बालों को स्टाइलिश लुक में बांधकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। उनका ये कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचा रहा है। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी इंस्टाग्राम पर अपनी स्टाइलिश लुक में फोटोज शेयर करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को फॉलो करते हैं।

## तेज आवाज में संगीत सुनने की आदत? जानें कैसे ये कानों को पहुंचा सकता है नुकसान



संगीत सुनना एक आम शौक है, लेकिन जब हम इसे बहुत तेज आवाज में सुनते हैं तो यह हमारे कानों के लिए हानिकारक हो सकता है। आजकल युवाओं में हेडफोन और ईयरबड्स का उपयोग बढ़ गया है, जिससे कानों पर दबाव बढ़ता है। इस लेख में हम जानेंगे कि तेज आवाज में संगीत सुनने से हमारे कानों को क्या-क्या नुकसान हो सकते हैं और इससे बचने के उपाय।

### सुनने की क्षमता पर असर

तेज आवाज में संगीत सुनना हमारी सुनने क्षमता को प्रभावित कर सकता है।जब हम लंबे समय तक ऊंची ध्वनि स्तर पर संगीत सुनते हैं तो हमारे कान के अंदर की नाजुक कोशिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इससे धीरे-धीरे हमारी सुनने की क्षमता कम होने लगती है।कई बार लोग इसे नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है। इसलिए जरूरी है कि हम अपने हेडफोन या ईयरबड्स का उपयोग संतुलित ध्वनि स्तर पर करें।

### टिनिटस का खतरा

टिनिटस एक ऐसी स्थिति होती है, जिसमें व्यक्ति को लगातार कानों में घंटी बजने जैसी आवाज महसूस होती रहती है। यह समस्या अक्सर उन लोगों में देखी जाती है, जो लंबे समय तक तेज आवाज में संगीत सुनते हैं।टिनिटस से पीड़ित व्यक्ति को नींद आने में दिक्कत होती है और ध्यान केंद्रित करने में परेशानी होती है।इस समस्या से बचने के लिए हमें अपने हेडफोन या ईयरबड्स का उपयोग सीमित समय तक करना चाहिए।

### मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव

तेज आवाज का सीधा असर हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। लगातार ऊंची ध्वनि स्तर पर संगीत सुनना तनाव और चिंता जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है।इसके अलावा इससे नींद की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है, जिससे दिनभर थकान महसूस होती रहती है।

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए हमें अपनी आदतों पर ध्यान देना होगा और जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञ से सलाह लेनी होगी।

### सामाजिक जीवन पर प्रभाव

जब हम हमेशा हेडफोन या ईयरबड्स लगाए रहते हैं तो हमारा सामाजिक जीवन भी प्रभावित होता है।दोस्तों और परिवार के साथ बातचीत करने की बजाय हम खुद को अलग-थलग कर लेते हैं, जिससे रिश्ते कमजोर होते जाते हैं। इसके अलावा सार्वजनिक स्थानों पर तेज आवाज में संगीत सुनना दूसरों के लिए असुविधाजनक हो सकता है, जिससे सामाजिक संबंध बिगड़ सकते हैं।इसलिए जरूरी यह समझें कि संतुलन बनाकर ही किसी चीज का आनंद लिया जा सकता है।

## खाने में ज्यादा तेल का इस्तेमाल करते हैं? जानें इससे जुड़े स्वास्थ्य जोखिम



तेल हमारे खान-पान का एक अहम हिस्सा है, लेकिन इसका अधिक सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है।

कई लोग यह नहीं जानते कि ज्यादा तेल खाने से शरीर पर क्या असर पड़ता है। अत्यधिक तेल का सेवन करने से वजन बढ़ने, दिल की बीमारियों का खतरा, पाचन तंत्र पर असर, त्वचा संबंधी समस्याएं और लिवर पर दबाव जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

इस लेख में हम इन पांच स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में बात करेंगे।

### वजन बढ़ने की समस्या

ज्यादा तेल का सेवन करने से शरीर में चर्बी जमा होती है, जिससे वजन बढ़ने की समस्या उत्पन्न होती है।

जब हम अपने भोजन में जरूरत से ज्यादा तेल का उपयोग करते हैं तो यह अतिरिक्त कैलोरी के रूप में शरीर में जमा हो जाता है। इससे न केवल वजन बढ़ता है बल्कि मोटापे जैसी समस्याएं भी पैदा होती हैं।

मोटापा कई अन्य बीमारियों जैसे मधुमेह और हृदय रोगों का कारण बन सकता है।

### दिल की बीमारियों का खतरा

अत्यधिक तेल के सेवन से दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है, खासकर अगर आप ट्रांस फैट या सैचुरेटेड फैट वाले तेलों का अधिक उपयोग करते हैं तो यह आपके कोलेस्ट्रॉल स्तर को बढ़ा सकता है और धमनियों को ब्लॉक कर सकता है।

इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए हमेशा स्वस्थ विकल्प चुनें जैसे कि जैतून या सरसों के तेल जिनमें अच्छे फैटी एसिड होते हैं।

### पाचन तंत्र पर असर

ज्यादा तैलीय खाना पाचन तंत्र पर भी बुरा असर डालता है। यह पेट फूलना, अपच और एसिडिटी जैसी समस्याओं को जन्म दे सकता है क्योंकि भारी मात्रा में चर्बी पचाने में मुश्किल होती है।

इसके अलावा अत्यधिक तैलीय भोजन आंतों की गति को धीमा कर देता है, जिससे कब्ज जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

इसलिए हल्का और कम तैलीय खाना खाने की आदत डालनी चाहिए ताकि पाचन सही तरीके से काम करे और पेट संबंधी परेशानियां न हों।

### त्वचा संबंधी समस्याएं

अत्यधिक तेलयुक्त भोजन त्वचा पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है जैसे मुंहासे और ऑयली स्किन की समस्या होना आम बात बन जाती हैं।

जब हम बहुत ज्यादा चर्बी युक्त खाना खाते हैं तो हमारी त्वचा पर सीबम का उत्पादन बढ़ जाता है, जिससे रोमछिद्र बंद होने लगते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मुंहासे निकल आते हैं।

साफ-सुथरी और चमकदार त्वचा पाने के लिए संतुलित आहार लेना बेहद जरूरी होता है।

### लिवर पर दबाव

लिवर हमारे शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है।

जब हम अत्यधिक चिकनाई युक्त भोजन का सेवन करते हैं तो लिवर पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। इससे लिवर संबंधी विकार उत्पन्न होने की संभावना बढ़ जाती है।अगर समय रहते खानपान में सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए संयमित जीवनशैली अपनाना और संतुलित आहार लेना बहुत जरूरी होता है।

## श्रीलंका बनाम ऑस्ट्रेलियाः चरिथ असलंका ने जड़ा वनडे करियर का चौथा शतक

नईदिल्ली (ए.)। श्रीलंका क्रिकेट टीम के कप्तान चरिथ असलंका ने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ बुधवार को 2 वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक जड़ा है।

यह उनके वनडे करियर का चौथा शतक रहा, जिसे उन्होंने 112 गेंदों में पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस खिलाड़ी का यह दूसरा शतक है। उनकी पारी की बदौलत ही श्रीलंका नियमित अंतराल में लग रहे झटकों से उबर पाई। उनकी पारी और आंकड़ों पर नजर डाल लेते हैं।असलंका नंबर-5 पर बल्लेबाजी करने आए थे। 55 रन तक श्रीलंका के 5 बल्लेबाज पवेलियन में थे। यहां से उन्होंने पारी संभाली और दुनिथ वेल्लालागे के साथ मिलकर 69 गेंदों में 77 रन जोड़े।उन्होंने स्थिति को समझते हुए पहले क्रीज पर बिताया और उसके बाद रन बनाने की गति तेज की। उन्हें छोड़कर श्रीलंका का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का केवल असलंका ने डटकर सामना किया।

## ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज मैथ्यू कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया

नईदिल्ली (ए)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम को बड़ा झटका लगा है। उनके स्पिन गेंदबाज मैथ्यू कुहनेमन का गेंदबाजी एक्शन संदिग्ध पाया गया है।

श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के बाद उनकी रिपोर्ट की गई थी।कुहनेमन को अब 3 सप्ताह के भीतर अनिवार्य परीक्षण से गुजरना होगा, ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि उनका गेंदबाजी एक्शन वैध है या नहीं।ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में 2-0 से जीत मिली थी।एक बायोमैकेनिस्ट स्पिनर के एक्शन का विश्लेषण करेगा और निष्कर्षों की रिपोर्ट इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) को देगा।आईसीसी के नियमों के अनुसार, गेंदबाजी एक्शन को तब अवैध माना जाता है जब गेंदबाज की कोहनी 15 डिग्री से ज्यादा फैलती है।यह भी माना जा रहा है कि कुहनेमन तब तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाजी नहीं कर पाएंगे जब तक कि उनकी गेंदबाजी एक्शन को मंजूरी नहीं मिल जाएगी। हालांकि, वह ऑस्ट्रेलिया के घरेलू टूर्नामेंट शेफील्ड शील्ड खेल सकते हैं।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के प्रवक्ता ने कहा, हमारी टीम को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के बाद मैच अधिकारियों ने रेफरल के बारे में सूचित किया था। हम इस मामले को निपटाने की प्रक्रिया में कुहनेमन का समर्थन करेंगे।उन्होंने आगे कहा, कुहनेमन ने 2017 में डेब्यू किया था और वह 124 पेशेवर मैच खेले हैं, जिसमें 5 टेस्ट मैच और 4 वनडे भी है। इन 8 सालों में यह पहली बार है जब उनके एक्शन पर सवाल उठाया गया है।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आईसीसी के नियमों के अनुरूप उनके स्वतंत्र विशेषज्ञों के साथ निकट संपर्क बनाए रखेगा। जब तक पूरा मामला सुलझ नहीं जाता, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया या कुहनेमन द्वारा इस मामले पर अब कोई और टिप्पणी नहीं की जाएगी। कुहनेमन ने टेस्ट क्रिकेट में अब तक 5 मुकाबले खेले हैं। इसकी 9 पारियों में 22.20 की औसत से 25 विकेट झटके हैं। उन्होंने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/16 का रहा है।

कुहनेमन ने 4 वनडे खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 6 विकेट झटके हैं। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 28 मुकाबले खेले हैं और 31.65 की औसत से 90 विकेट लिए हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में इस खिलाड़ी के नाम 41 मैच में 55 विकेट है।

# मुंबई इंडियंस और अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को बड़ा झटका, अल्लाह गजनफर दोनों टूर्नामेंट से बाहर

नईदिल्ली (ए.) । अफगानिस्तान क्रिकेट टीम और मुंबई इंडियंस (एमआई) को बड़ा झटका लगा है। युवा स्पिन गेंदबाज अल्लाह गजनफर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से चोटिल होने के कारण बाहर हो गए हैं।अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इसकी जानकारी दी है। अब गजनफर 4 महीने तक क्रिकेट से दूर रहेंगे।इस युवा सनसनी को 4.80 करोड़ रुपये में एमआई ने नीलामी के दौरान खरीदा था। यह खिलाड़ी सफेद गेंद की क्रिकेट में कमाल के फॉर्म में था।गजनफर एक फिंगर-स्पिनर हैं और अपनी कैरम बॉल से बल्लेबाजों को चकमा देने की क्षमता रखते है। उन्होंने अब तक 11 वनडे मैच खेले हैं और इसकी 11 पारियों में 13.57 की उम्दा औसत के साथ 21 विकेट लिए हैं।उनकी इकॉनमी रेट 4.05 की रही है। उन्होंने 2 बार 5 विकेट हॉल लिए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/26 का रहा है।टी-20 क्रिकेट में इस खिलाड़ी ने 19 मैच में 13.50 की औसत से 30 विकेट लिए हैं।गजनफर की जगह रिजर्व खिलाड़ियों का हिस्सा रहे नांग्याल खारोटे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मुख्य टीम में शामिल किया गया है।इस खिलाड़ी ने अब तक 7 वनडे मुकाबले खेले हैं औ 16.54 की औसत से 11 विकेट लेने में सफल रहे हैं। उनकी इकॉनमी रेट 16.54 की रही है। इस खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 4/26 का रहा है।

खारोटी जरूरत पड़ने पर बल्लेबाजी में भी अपना योगदान दे सकते हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अफगानिस्तान की टीमः हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), इब्राहिम जादरान, रहमानुल्लाह गुरबाज, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, इकराम अलीखिल, गुलबदीन नाईब, अजमतुल्लाह उमरजई, मोहम्मद नबी, राशिद खान, नांग्याल खारोटे, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, फरीद मलिक, नवीद जादरान।

**रिजर्व खिलाड़ीः दरविश रसूली, बिलाल सामी।**

यह पहला मौका है जब अफगानिस्तान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते हुए नजर आएगी। वनडे विश्व कप 2023 में इस टीम का प्रदर्शन कमाल का रहा था।अफगानिस्तान की टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने अभियान शुरू करेगी। यह मुकाबला 21 फरवरी को होगा।

इसके बाद टीम की भिड़ंत इंग्लैंड क्रिकेट टीम से 26 फरवरी को होगी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के खिलाफ अफगानिस्तान अपना आखिरी ग्रुप मैच 28 फरवरी को खेलेगा।

अफगानिस्तान टीम का पहला मैच कराची में होगा तो दूसरा और तीसरा मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेला जाएगा।

# कुंबले ने पत्नी के साथ संगम में लगाई डुबकी



प्रयागराज (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघ पूर्णिमा के अवसर संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद दोनो ने सूर्य को अर्घ्य दिया और पूरे विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने नाव पर सवार होकर खींची तस्वीरें सोशल मीडिया में साझा कीं। इसमें माघ पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रमा की छवि भी नजर आ रही है। इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने कुंबले महाकुम्भ की भव्यता और आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत दिखे।कुंबले ने संगम स्नान के बाद अपनी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने अपनी तस्वीरों के साथ केवल एक शब्द लिखा 'आशीर्वाद। इससे उनका तात्पर्य यही था कि त्रिवेणी संगम में स्नान कर उन्हें भी पुण्य की प्राप्ति हुई और तीर्थराज प्रयागराज का आशीष मिला है। कुंबले मंगलवार को ही प्रयागराज पहुंच गए थे। हालांकि त्रिवेणी स्नान के लिए उन्होंने माघ पूर्णिमा का पावन दिन चुना। इस दिन महाकुम्भ में वीवीआईपी प्रोटोकॉल जारी नहीं होता। इसलिए व सामान्य श्रद्धालु की तरह नाव पर सवार होकर त्रिवेणी संगम पहुंचे और संगम में स्नान किया।

## बुमराह, यशस्वी चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुए, हर्षित राणा और वरुण शामिल



मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना ही उतरेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण बुमराह को अंतिम टीम से बाहर कर दिया है। उनकी जगह युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को शामिल किया गया है। बुमराह के अलावा यशस्वी जायसवाल को भी टीम में जगह नहीं मिली है। वहीं स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टीम में शामिल किया गया है। वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ डेब्यू करते हुए अच्छा प्रदर्शन किया था। बुमराह के नहीं खेलने से भारतीय टीम को झटका लगा है पर चयन समिति के पास उन्हें बाहर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

एक रिपोर्ट के अनुसार बुमराह को लेकर मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, कोच गौतम गंभीर और कप्तान रोहित शर्मा के बीच लंबी बातचीत हुई। इन तीनों ने ही राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख नितिन पटेल की उस रिपोर्ट पर बात की जिसमें कहा गया कि बुमराह ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है और स्कैन रिपोर्ट ठीक लग रही है पर ये अभी नहीं कहा जा सकता है कि वह टूर्नामेंट शुरू होने तक पूरी तरह फिट होकर गेंदबाजी कर पाएंगे या नहीं। ऐसे में चयनकर्ता उनको लेकर कोई खतरा मौल नहीं लेना चाहते थे। बुमराह को पांच सप्ताह के लिए कार्यभार से मुक्त रखने को कहा गया है। एनसीए प्रमुख ने फैसला अगरकर पर छोड़ दिया था क्योंकि कोई भी अनफिट खिलाड़ी को टीम में रखना नहीं चाहेगा। अगर मेडिकल टीम किसी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर हरी झंडी नहीं देती है, तो चयन समिति भी उसे शामिल करने का जोखित नहीं ले सकती। अगरकर, गंभीर और कप्तान रोहित के बीच अहमदाबाद में हुई बैठक के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि क्या वे चैंपियंस ट्रॉफी में अनफिट बुमराह को लेंगे या हर्षित को रखेंगे। बुमराह को रखने में एक खतरा ये था कि अगर वह मैच में चोटिल हो जाते तो और भी नुकसान होगा। इससे पहले साल 2022 में टी20 विश्व कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक सीरीज के लिए चेतन शर्मा की समिति ने बुमराह को खेलने का अवसर दिया गया था पर उसका परिणाम नुकसानदेह रहा था।

चैंपियंस ट्रॉफी, 2025 के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

ट्रैवलिंग रिजर्वः मोहम्मद सिराज, शिवम दुबे और यशस्वी जयसवाल।

## पटना के मोइनुल हक स्टेडियम को विश्व स्तरीय मुकाबले के लिए अत्याधुनिक रुप देगा बीसीए

पटना (ए)। आने वाले समय में बिहार की राजधानी पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में विश्व कप सहित कई बड़े मैचों का आयोजन होगा। इसका कारण है कि इस स्टेडियम को अब अत्याधुनिक बनाया जाएगा। इसके लिए हार क्रिकेट संघ (बीसीए) ने एक करार भी किया है। बीसीए का लक्ष्य इस इस क्रिकेट स्टेडियम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना है जिससे यहां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों की मेजबानी की जा सके।बीसीए स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए सभी जरुरी बदलाव किये जाने के प्रयास कर रहा है। नई परियोजना के तहत विभिन्न दीर्घाओं और स्टैंडों के लिए प्रवेश और निकास आसान बनायी जाएगी। इसके साथ ही 40-50 हजार लोगों के बैठने की भी व्यवस्था होगी। घरेलू और भ्रमणकारी टीमों के लिए आधुनिक ड्रेसिंग रूम, अत्याधुनिक पवेलियन, कॉर्पोरेट बॉक्स, वीआईपी लाउंज, प्रेस बॉक्स, मैच अधिकारियों के लिए विशेष सुविधाएं, आईसीसी और बीसीसीआई के मानकों के अनुरूप स्टेडियम का विकास किया जाएगा।

**विदेश समाचार**

## बच्चों की खातिर रोज फ्लाइट से ऑफिस जाती हैं कौर, पैसे की भी कर रही बचत



क्वालालंपुर,(ए)। मलेशिया में भारतीय मूल की महिला बच्चों के खातिर रोज हवाई जहाज से ऑफिस जाती है। हफ्ते में 5 दिन वह ऐसा करती है। इतना खर्च करने के बाद भी वह महिला अपनी सैलरी से पैसे बचा लेती है। एयर एशिया के फाइनेंस ऑपरेशन्स डिपार्टमेंट में काम करने वाली रचैल कौर सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। वह कहती हैं कि बच्चों को समय देने के लिए वह हफ्ते में 5 दिन हवाई यात्रा करती हैं। वह दावा करती हैं कि ये ना सिर्फ सस्ता है बल्कि ऐसे करके वह अपने बच्चों को भी समय दे रही हैं।

रचैल कौर ने एक साक्षात्कार में कहा कि मेरे दो बच्चे हैं। बड़े बेटे की उम्र 12 साल और बेटी 11 साल की है। मुझे लगता है कि बच्चों की जब उम्र बढ़ती है तो उन्हें मां की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। मैंने जो व्यवस्था की है उससे मैं रोज घर जा पा रही हूं और बच्चों को समय दे रही हूं। कौर इससे पहले क्वालालंपुर में किराए के मकान में रहती थीं। जो उनके ऑफिस के पास था। वह पेनांग स्थित अपने घर में हफ्ते में एक ही दिन जा पाती थीं। यहीं पर उनके बच्चे रहते हैं। 2024 की शुरुआत में उन्होंने फ्लाइट लेने का फैसला किया। कौर ने कहा कि वह सुबह 4 बजे उठती हैं और 5 बजे तक एयरपोर्ट पहुंचती हैं 8 बजे ऑफिस पहुंचती हैं। दिनभर ऑफिस में काम करने के बाद वह रात 8 बजे घर पहुंच जाती हैं।

### इसका अंत बुरा होगा', डोनाल्ड ट्रंप पर इस वजह से बुरी तरह भड़के पोप फ्रांसिस

वॉशिंगटन/रोम,,(ए)। कैथलिक चर्च के प्रमुख एवं ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस ने डोनाल्ड ट्रंप के द्वारा प्रवासियों को बड़े पैमाने पर निर्वासित किए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों के निर्वासन के मुद्दे पर भड़कते हुए पोप फ्रांसिस ने मंगलवार को ट्रंप प्रशासन की निंदा की और आगाह किया कि इसका अंत बुरा होगा।

उन्होंने कहा कि केवल उनकी अवैध स्थिति के कारण जबरदस्ती देश से बाहर निकाल देना प्रवासियों को उनकी अंतर्निहित गरिमा से वंचित करता है। पोप फ्रांसिस इस मुद्दे पर कितने सीरियस हैं इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अमेरिका के बिशपों को इस बारे में एक चिट्ठी भी लिखी है।

बता दें कि इतिहास के पहले लातिन अमेरिकी पोप ने लंबे समय से प्रवासियों की देखभाल को अपनी धर्मपीठ की प्राथमिकता बना रखा है। पोप फ्रांसिस ने दुनिया के सभी देशों से मांग की है कि वे संघर्ष, गरीबी तथा जलवायु आपदाओं की वजह से भाग रहे लोगों का स्वागत करें और उनकी रक्षा करें।

### ट्रंप प्रशासन ने खींचा हाथ, अब बर्ड फ्लू को लेकर अमेरिका से जानकारी साझा करना बना चुनौती : डब्ल्यूएचओ

जिनेवा (ए)। अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) से हटने के कारण बर्ड फ्लू के प्रकोप से जुड़ी जानकारी साझा करने में कठिनाई हो रही है। डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता क्रिश्चियन लिंडमियर ने जिनेवा में एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि अमेरिका के साथ कम्युनिकेशन एक बड़ी चुनौती बन गया है क्योंकि पारंपरिक संपर्क के तरीके अब खत्म हो चुके हैं। हालांकि, उन्होंने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

अप्रैल 2024 में अमेरिका में एच5एन1 बर्ड फ्लू का प्रकोप सामने आया था, जिसमें अब तक लगभग 70 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें ज्यादातर खेतों में काम करने वाले मजदूर हैं। अमेरिकी स्वास्थ्य एजेंसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने बताया कि अब तक इस वायरस के मानव-से-मानव संक्रमण के कोई सबूत नहीं मिले हैं और आम जनता के लिए जोखिम कम है। लेकिन जो लोग पक्षियों, मुर्गियों या मवेशियों के संपर्क में रहते हैं, उनमें संक्रमण का खतरा अधिक है।डब्ल्यूएचओ से अमेरिका के हटने के फैसले को लेकर चिंता जताई जा रही है, खासकर नई बीमारियों और वायरस के बारे में जानकारी साझा करने के मामले में।

## फ्रांस में दिखी पीएम मोदी और राष्ट्रपति मैक्रों की गहरी दोस्ती

### -मैक्रों ने कहा-भारत-फ्रांस दो महान शक्तियां, हमारे बीच विशेष संबंध

पेरिस,(ए)। पीएम नरेंद्र मोदी की यात्रा पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें समय और सम्मान दिया है। यह दोनों नेताओं के बेहतर आपसी समझ और गहरी दोस्ती को दर्शाता है। पीएम मोदी की यात्रा के पहले दिन मैक्रों ने रात्रिभोज पर बातचीत की। अगले दिन एआई एक्शन समिट में भी यह सौहार्दपूर्ण माहौल नजर आया। भारत और फ्रांस ने संयुक्त रूप से शिखर सम्मेलन की मेजबानी की। दोनों नेताओं ने भारत-फ्रांस सीईओ फोरम की मेजबानी की, जो आर्थिक सहयोग के लिए साझा दृष्टिकोण को दर्शाता है।



एक संयुक्त काफिले के साथ दोनों नेता एक ही विमान में मार्सिले पहुंचे। राष्ट्रपति मैक्रों ने पीएम मोदी के लिए रात्रिभोज की मेजबानी की। मैक्रों दरअसल पीएम मोदी के दौरे को लेकर उत्साहित थे। एक इंटरव्यू में राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि वह और पीएम मोदी 'तकनीकी संप्रभुता' के लिए प्रयास करेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति ने कहा कि पीएम मोदी की तरह हमारा भी दृढ़ विश्वास है कि भारत और फ्रांस दो महान शक्तियां हैं और हमारे बीच विशेष संबंध हैं। हम अमेरिका का सम्मान करते हैं और उसके साथ काम करना चाहते हैं, हम चीन के साथ भी काम करना चाहते हैं, लेकिन किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। मैक्रों ने कहा कि भारत और फ्रांस अग्रणी हैं लेकिन अमेरिका और चीन हमसे बहुत आगे हैं। हम एआई पर एक साथ काम करना चाहते हैं। पीएम मोदी भी नई टेक्नोलॉजी का फायदा उठाना चाहते हैं।

## अफगानिस्तान में बैंक के बाहर विस्फोट, 25 की मौत, 30 घायल

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के उत्तरी शहर कुंदुज में काबुल बैंक की शाखा के बाहर मंगलवार विस्फोट में 25 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 30 अन्य घायल हुए हैं। अफगान मीडिया ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है।

अमु टीवी ने स्थानीय सूत्रों के हवाले से बताया कि विस्फोट में मारे गए लोगों में से अधिकांश तालिबान के सदस्य थे। सूत्रों ने पुष्टि की कि मारे गए लोगों में कुंदुज के 'पुलिस जिले 4' के तालिबान सुरक्षा कमांडर जकारिया भी शामिल हैं। तालिबान पुलिस ने कहा कि मंगलवार सुबह शहर में काबुल बैंक की शाखा के बाहर हुआ विस्फोट एक आत्मघाती बम विस्फोट था, जिसमें नागरिकों और तालिबान सदस्यों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। मृतकों के शवों को तालिबान के 217 ओमारी कोर क्लिनिक में ले जाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला तालिबान की तरफ से अपने सैन्य और सुरक्षा कर्मियों को वेतन लेने के लिए बैंकों से दूर रहने और इसके बजाय निर्दिष्ट स्थानों का इस्तेमाल करने का आदेश देने के हफ्तों बाद हुआ है। किसी भी समूह ने बम विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## ग्वाटेमालाः पुल से 35 मीटर नीचे गिरी बस, 55 लोगों की मौत, राष्ट्रीय शोक घोषित

ग्वाटेमाला सिटी, (आरएनएस)। ग्वाटेमाला की राजधानी के बाहरी इलाके में बड़ा हादसा होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार एक बस के पुल से नीचे गिर जाने से कम से कम 55 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी देते हुए सार्वजनिक मंत्रालय के जांचकर्ताओं ने कहा कि घटनास्थल से 53 शव बरामद किए गए हैं और सैन जुआन डी डिओस अस्पताल ने पुष्टि की है कि वहां लाए गए दो यात्रियों की भी मौत हो गई है। इस घटना को लेकर अग्निशमन प्रवक्ता एडविन विलाग्रान ने कहा कि कई वाहनों की आपस में टक्कर के कारण बस सड़क से उतर गई और पुल के नीचे खाई में गिर गई। अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बस सीवेज से प्रदूषित पानी में 115 फीट (35 मीटर) नीचे गिर गई। बस आधी उल्टी होकर डूब गई।

## अमेरिकी शिक्षक की घर वापसी, 2021 से रूसी जेल में थे बंद, ट्रंप से की मुलाकात

वाशिंगटन ,(आरएनएस)। डोनाल्ड ट्रंप ने रूस की जेल से रिहा होने के बाद अमेरिकी स्कूल शिक्षक मार्क फोगेल का स्वागत किया। व्हाइट हाउस ने उनकी रिहाई को एक कूटनीतिक सफलता बताया। 61 वर्षीय मार्क फोगेल को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने रूस से बाहर निकाला। उनके अमेरिका लौटने पर व्हाइट हाउस में उनका स्वागत किया गया। ट्रंप के बगल में खड़े होकर फोगेल ने कहा, इस समय मैं खुद को सबसे भाग्यशाली व्यक्ति महसूस कर रहा हूं। आप सभी का धन्यवाद। मैं अपने देश से बहुत प्यार करता हूं। यहां वापस आकर बहुत खुश हूं।पेंसिल्वेनिया के रहने वाले फोगेल को अगस्त 2021 में गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मारिजुआना रखने के कारण 14 साल की सजा सुनाई गई थी। उनके परिवार और समर्थकों का मानना था कि उनकी हिरासत अन्यायपूर्ण थी। बाइडेन प्रशासन ने दिसंबर 2024 में आधिकारिक तौर पर फोगेल को गलत तरीके से हिरासत में लिया गया माना, लेकिन उन्हें पूर्व यूएस-रूस कैदी आदान-प्रदान में शामिल नहीं किया गया।

# अगर शनिवार तक बंधक वापस नहीं आए, तो गाजा युद्धविराम हो जाएगा समाप्त : इजरायली पीएम

यरूशलेम, (आरएनएस)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि अगर शनिवार तक गाजा में पकड़े गए इजरायली बंधकों को वापस नहीं किया गया, तो हमास के साथ युद्धविराम खत्म कर दिया जाएगा और इजरायल गाजा में फिर से भीषण लड़ाई शुरू करेगा।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक, एक वीडियो बयान में बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि दोपहर में हुई चार घंटे की बैठक में उनके कैबिनेट मंत्रियों ने इस फैसले को मंजूरी दे दी।

उन्होंने कहा, अगर हमास शनिवार दोपहर तक हमारे बंधकों को वापस नहीं करता है, तो युद्ध विराम समाप्त हो जाएगा और आईडीएफ (इज़राइल रक्षा बल) हमास के निर्णायक रूप से पराजित होने तक लड़ाई फिर से शुरू करेगा।प्रधानमंत्री ने कहा कि इजरायल के सभी कैबिनेट मंत्रियों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा अधिग्रहण योजना और उनके युद्ध विराम अल्टीमेटम का स्वागत किया।नेतन्याहू की यह टिप्पणी हमास की घोषणा के एक दिन बाद आई है कि शनिवार को बंधकों को सौंपे जाने का कार्यक्रम अगली सूचना तक स्थगित कर दिया जाएगा। सोमवार को हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़सम ब्रिगेड के प्रवक्ता अबू ओबैदा ने एक बयान में कहा कि पिछले तीन हफ्तों के दौरान उनके नेतृत्व ने युद्ध विराम समझौते की शर्तों का पालन करने में इजरायल की विफलताओं पर नज़र रखी थी। ओबेदा ने कहा, अगली सूचना तक बंधकों को सौंपने को स्थगित कर दिया जाएगा। जब तक इजरायल समझौते का पालन सुनिश्चित नहीं करता है और मुआवजा नहीं दे देता है।



उन्होंने कहा हम समझौते की शर्तों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं।इसके जवाब में इजरायली रक्षा मंत्री इज़रायल काट्ज़ ने सोमवार को एक बयान में कहा कि हमास की घोषणा गाजा युद्ध विराम और बंधक रिहाई समझौते का पूर्ण उल्लंघन है।

काट्ज़ ने कहा कि उन्होंने आईडीएफ को गाजा में किसी भी संभावित परिदृश्य के लिए पूरी तैयारी रहने और एन्क्लेव के पास समुदायों की रक्षा करने का आदेश दिया है।इजरायली सेना ने मंगलवार को घोषणा की थी कि अगर इजरायली बंधकों को शनिवार तक वापस नहीं किया गया तो इजरायली कैबिनेट ने हमास के साथ युद्ध विराम रद्द करने का फैसला किया, इसके बाद वह गाजा पट्टी के पास सेनाओं की संख्या बढ़ाई जाएगी और रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा।

# भजनों से संत रविदास ने दिया था कुरीतियों व जातिभेद को मिटाने का संदेश : राय

पार्क के पास मंदिर निर्माण के लिए विधायक ने की पांच लाख रू देने की घोषणा

संत रविदास जयंती पर अम्बेडकर नगर पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने दी बड़ी सौगात

सीहोर (निप्र)। परम ज्ञानी संतशिरोमणी रविदास महाराज की प्रतिमा पर विधायक सुदेश राय ने माल्यार्पण कर संतश्री को नमन किया। अम्बेडकर नगर स्थित मंदिर में बुधवार को संत शिरोमणी रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विधायक सुदेश राय के द्वारा संत रविदास जयंती के अवसर पर नागरिकों को बड़ी सौगात प्रदान की गई। अम्बेडकर पार्क के पास माता मंदिर निर्माण के लिए विधायक सुदेश राय ने अपनी निधि से पांच लाख रू उपलब् ध कराए जाने की घोषणा कर सभी को संत रविदास जयंती की बधाई शुभकामनाऐं दी। क्षेत्रीय पार्षद लोकेंद्र वर्मा के नेतृत्व में नागरिकों के द्वारा पुष्प मालाओं से विधायक सुदेश राय का स्वागत किया गया।

समरसता अखंता से हमें सिखाया रहना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सुदेश राय ने कहा की संतश्री ने भजनों और काव्य के माध्यम समाज में व्याप्त कुरितियों व जातिभेद को मिटाने के साथ धार्मिक दीक्षा और शिक्षा ग्रहण करने का भी परम संदेश दिया है उन्होने कहा की भारतीय सनातन धर्म में संत रविदास ऐसे संत हुए जिन्होने माता गंगा को अपने पात्र से उत्पन्न कर दिया था संतश्री ने एकता समरसता अखंता से हमें रहना सिखाया है यही कारण है आज हम उन्हे नमन कर रहे है।

समाज को सबल बनाने के लिए योजनाएं

विधायक सुदेश राय ने कहा की समाज को सबल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के माध्यम से जनजातीय कल्याण के लिए अत्याचार निवारण के साथ विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना, अनुसूचित जनजाति राहत योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना,निजी संस्थाओं में अध्ययनरत अनु.जनजाति के विदयार्थियों के शुल्क की प्रतिपूर्ति योजना,डॉ. भीमराव अंबेडकर मेधावी विद्यार्थी योजना, स्वरोजगार ऋण योजना, रानी दुर्गावती,आश्रम शालाएं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग के द्वारा अनेक योजनाऐं क्रियांवित की जा रही है इन सभी योजनाओं का लाभ समाज को मिल रहा है।

व्यक्त किया विधायक का आभार आभार

कार्यक्रम में उपस्थित पार्षद लोकेंद्र वर्मा,शिवलाल महोबिया, सन्नी जाटव, टीकू कचनेरिया, अर्जुन जाटव, महेंद्र जाटव, कपिल पुरविया, राजीव मंगरोलिया, सचिव महोबिया, सचिव महोबिया, योगेंद्र बघेल, विक्की महोबिया, सोनू जाटव, विशाल महोबिया, सुनील जाटव, नीरज जाटव, आनन्द जाटव आदि नागरिकों ने माता मंदिर निर्माण के लिए पांच लाख रूपये की राशि स्वीकृत करने पर विधायक सुदेश राय का आभार व्यक्त किया। बड़ी संख्या में नागरिक शामिल रहे।

## अधिनियमों का उचित क्रियान्वयन कर दिव्यांगजनों को संरक्षण प्रदाय करने के निर्देश

सीहोर (निप्र) । शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 3,4,5,6 एवं 7 के अनुसार दिव्यांगजनों को अधिकार एवं संरक्षण प्रदान करने के लिए एवं दिव्यांगजन अधिकार नियम 2017 के तहत दिव्यांगजनों को दुर्व्यवहार, हिंसा, शोषण और आपदा से सुरक्षा एवं कानूनी सहायता के लिए पुलिस, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं सभी विभागों में संबंधित आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल स्व संज्ञान लेकर सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कार्यालय, जिला विधिक सहायता अधिकारी के माध्यम से विधिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए त्वरित कार्यवाही करना प्रावधानित है।

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 02 मार्च को

सीहोर (निप्र) ।अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 02 मार्च 2025 को प्रात: 10 बजे 01 बजे तक सीहोर के इंदौर भोपाल रोड स्थित कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा 18 फरवरी को आयोजित होना थी जो अब 02 मार्च को आयोजित की जाएगी।

# डीजे संचालकों की बैठकें आयोजित

एसडीएम, एसडीओपी ने डीजे संचालन में सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



सीहोर (निप्र) । कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा आरओ मीटिंग में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जिले के विभिन्न अनुभागों तथा तहसीलों में एसडीएम, एसडीओपी पुलिस द्वारा डीजे एवं मैरिज गार्डन संचालकों की बैठकें आयोजित की गई। बैठकों में एसडीएम तथा एसडीओपी द्वारा सभी डीजे संचालकों एवं मैरिज गार्डन के संचालकों को डीजे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के संबंध में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार रात 10 बजे से प्रात: 06 बजे तक डीजे का संचालन प्रतिबंधित रहेगा।

बैठकों में डीजे संचालकों को निर्देश देते हुए बताया गया कि डीजे और अत्यधिक शोर से कई दुष्प्रभावों पड़ते हैं। डीजे की तेज आवाज से स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को इससे अधिक परेशानी होती है तथा पर्यावरण, प्राणियों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही तेज आवाज और शोर से विद्यार्थियों को अध्ययन में परेशानी होती है। अधिकारियों ने डीजे संचालकों को नियमों का पालन करते हुए जिले में शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम, एसडीओपी पुलिस, सीएमओ एवं बड़ी संख्या में डीजे संचालक और मैरिज गार्डन संचालक उपस्थित रहे।

# रविदास जयंती पर हुए कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

जाटव समाज ने सामुदायिक भवन निर्माण की रखी मांग



सीहोर (निप्र)। बुधवार को संत शिरोमणि रविदास जी जयंती के उपलक्ष में विधायक सुदेश, नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर द्वारा संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्याअर्पण किया गया। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जिस तरह से भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सामाजिक समरसता का अभियान चला रही है, संत रविदास जी ने यह काम शताब्दियों पहले किया था। उन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से देश और समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किया। आज उनकी जयंती पर हम सभी उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि संत रविदास जी ने अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को जगाने और दिशा देने का काम किया। हमारे देश पर जब आततायियों ने हमले किए, जब हमारे धर्म और संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास किया गया, तब संत रविदास जी ने संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट रख उस आक्रमण को विफल कर दिया। आयोजित हुए कार्यक्रम के दौरान नपाध्यक्ष से सामुदायिक भवन की मांग की गई। जिसे उन्होंने सहज रूप से स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता जसपाल अरोरा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती, पार्षद लोकेंद्र वर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष टीटू कचनारिया,

सुरेंद्र महोबिया, राहुल जाटव, कपिल पुरबिया, बंटी जाटव, बबलू जाटव, सनी जाटव, जितेंद्र मंगरोलिया, महेंद्र जाटव, सोनू सोनवानी, जुगल महोबिया, रोहित महोबिया, रुपेश परसैया, नरेंद्र बनवाया सहित जाटव समाज बंधु उपस्थित रहे।

# सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियन शिव के लिए खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया संपन्न

भोपाल(आरएनएस)। एक जानकारी में बताया गया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष जिला स्तरीय सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप की चयन प्रक्रिया स्थानीय स्टेडियम में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह की उपस्थिति में नगर के प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित कर चयन प्रक्रिया संपन्न की गई चयन प्रक्रिया के दौरान जिला हॉकी संघ के सदस्य एवं समस्त संतोष सिंह सीनियर खिलाड़ी आसफ खान, सत्यनारायण खटीक , रवि गोटिया, विजय कुमार ( बंटी भाई ) खुर्रम भाई जान अयाज खान खेलो इंडिया कोच प्रवीण भाई हॉकी फीडर सेंटर कोच संजय सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहें यह विज्ञप्ति में बताया गया कि उक्त चयन प्रक्रिया चयनित हांकी खिलाड़ियों के लिए 6 से 7 दिन का कैंप आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के समस्त खिलाड़ी मिलकर अभ्यास करेंगे दिनांक 0 20 /2 /2025 को सागर के लिए हॉकी उमरिया की टीम रवाना होगी हॉकी संघ के सदस्य एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा सभी खिलाड़ियों को बधाई प्रेषित की गई।

-

## एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि 15 फरवरी

सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनातर्गत एमपीटास पोर्टल पर पीएमएस मॉड्यूल के तहत अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के शैक्षणिक सत्र 2021-22 नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन अप्लाई करने के लिए पोर्टल खुलने की तिथी 01 फरवरी 2025 से 15 फरवरी 2025 तक निर्धारित की गई है। इसी प्रकार शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजनांतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करने के लिए अंतिम बढ़ाकर 15 फरवरी की गई है। पहले अंतिम तिथी 31 जनवरी निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़कर 15 फरवरी कर दिया गया है। सभी संस्थाओं को शैक्षणिक सत्र 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 (पीएमएस एवं आवास) के लिए सभी पात्र विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## संत रविदासजी ने जात-पात के भेदभाव को खत्म करने की शिक्षा दी, आज इसकी महत्ती आवश्यकता है : जसपाल सिंह अरोरा

सीहोर (निप्र) । महान संत रविदास जयंती के अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व जिला पंचायत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ने सीहोर के अंबेडकर नगर गंज स्थित संत रविदास जी के मंदिर में पहुंचकर पूजा की एवं उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया। इस दौरान अरोरा मित्र मंडल के सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत रविदास जी का जन्म माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। उन्हें रैदास और रूहिदास के नाम से भी जाना जाता है। संत रविदास जी एक कवि, समाज सुधारक और आध्यात्मिक व्यक्ति थे। वे भक्ति आंदोलन के एक प्रमुख संत थे। उन्होंने जात-पात के भेदभाव को खत्म करने की शिक्षा दी।

उन्होंने लोगों को एकजुट होने के लिए प्रोत्साहित किया। आज हमारे समाज में इसकी महत्ती आवश्यकता है। उन्होंने व्यक्तिगत आध्यात्मिक स्वतंत्रता की खोज में एकता को बढ़ावा दिया। उनके भक्ति छंद सिख धर्मग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल किए गए हैं। उनके संदेशों ने कई लोगों को आध्यात्मिकता की ओर प्रेरित किया और समाज में विकास के लिए एक नई दिशा दी ।उनकी याद में कई धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं हैं।

## एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थी होंगे शामिल

### परीक्षा निगरानी के लिए संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

सीहोर (निप्र) । मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 सीहोर जिला मुख्यालय के 03 परीक्षा केंद्रों पर 16 फरवरी 2025 को आयोजित की जाएगी। राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा के सीहोर के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में जिले के 1106 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली में प्रात: 10:00 बजे से 12:00 बजे तक परीक्षा होगी। जिसमें परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र पर 09:30 बजे तक उपस्थित होना आवश्यक है। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 02:15 से 04:15 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें परीक्षार्थियों का परीक्षा केंद्र पर उपस्थिती का समय 01:45 निर्धारित किया गया है। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों की सतत मॉनिटरिंग के लिए निरीक्षण दल का गठित किया गया है। यह दल परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्रों का निरंतर भ्रमण कर निरीक्षण करेंगे।

# स्वच्छता का संकल्प दिलाया और सामुदायिक भवन की घोषणा

### जाति-पाति जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया-नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

सीहोर (निप्र)। बुधवार को अनेक सामाजिक संगठनों के द्वारा शहर के गंज स्थित मंदिर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का आयोजन किया गया था। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने यहां पर मौजूद सभी से शहर में स्वच्छता के साथ कुरीतियों से दूर रहने का संकल्प दिलाया और मंदिर के पास ही सामुदायिक भवन बनाए जाने की सौगात भी दी। कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री रवि नागले, पार्षद लोकेन्द्र वर्मा, महेन्द्र जाटव, सन्नी जाटव के अलावा अन्य सामाजिक बंधु और क्षेत्रवासी शामिल थे।

नपाध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि संत रविदास भारत के महान आध्यात्मिक गुरुओं में से एक थे, जिन्होंने अपने वचनों से विश्व को एकता और भाईचारे का संदेश दिया। उनका जन्म 1398 ई. में वाराणसी में हुआ था और 1540 ई. में उन्होंने शरीर त्याग किया। उन्होंने जीवन भर जाति-पाति जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनके द्वारा दी गई को शिक्षाओं को लोग अपने जीवन में अपनाते हैं। उनकी शिक्षाओं ने प्रभु की उपासना और धार्मिक एकता में वृद्धि के लिए प्रेरित किया। समाज में उत्पन्न मतभेद और समाज की उन्नति के लिए अपना अहम योगदान दिया। आज के समय में भी गुरु रविदास जी के योगदान और अनमोल विचारों को याद किया जाता है।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में मनाई रविदास जयंती

**सीहोर (निप्र)। अनुसूचित जाति बाहुल्य वार्ड क्रमांक 11 के डॉ. अम्बेडकर नगर के रविदास मंदिर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में रविदास जयंति मनाई गई। सर्वप्रथम राजीव गुजराती द्वारा रविदास जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा अर्चना की तथा उन्होने रविदास जयंति पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि संत रविदास जी ने समाज में व्याप्त भेदभाव से उठकर कार्य करने का प्रयत्न किया। संतजी ने भक्ति और साधना कर प्रभु की पूजा की। वह संत कवि और भगवान के भक्त थे। उपस्थितजनों को रविदास जी के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थितजनों में डॉ.अनीस खान मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री, सीताराम भारती, राजाराम बड़े भाई, पूर्व पार्षद श्रीमति आरती नरेन्द्र खंगराले, प्रीतम दयाल चौरसिया, पार्षदगणों में विवेक राठौर, एस.के.फरेला, घनश्याम यादव, अम्बेडकर धर्मशाला के अध्यक्ष नीरज जाटव जोंटी, सुनील दुबे, रमेश गुप्ता, प्रवेश परिहार, धर्मप्रकाश आर्य, पन्नालाल खंगराले, धन्नालाल परचौले, विजय वर्के, सन्नी जाटव, दीपक सोनकर, अहिरवार समाज भोपाल संभाग अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, बाबूलाल तुलावट, प्रदीप सरकार, धर्मेन्द्र धीमान, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व स्थानीय नागरिकगण उपस्थित रहे।**

# 300 रु. में मिल सकता है घरेलू गैस सिलेंडर ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन का दावा

देश के सीहोर जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडर का बड़े स्तर पर हो रहा अवैध इस्तेमाल




सीहोर (निप्र)। जो ग्राहक निर्धारित गैस सिलेंडर का उपयोग नहीं कर पाते, उनके शेष सिलेंडरों की हो रही कालाबाजारी, सरकार को 13 फीसदी जीएसटी का नुकसान पहुंचाया जा रहा, ब्लास्ट का खतरा, घातक हो सकते हैं परिणाम ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन ने पत्रकार वार्ता में किया खुलासा, जताई ठोस कार्यवाही की जरूरतग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन सोलंकी इनके आदेशानुसार में शहर-शहर जाकर जन जागरूकता के कार्यक्रम कर रही है। इस कार्यक्रम में सीहोर वासियों को जगाने और जागरूक करने की दृष्टि से जिले में प्रेस वार्ता के माध्यम से फाउंडेशन द्वारा पत्रकार वार्ता कर घरेलू गॅस सिलेंडर से कमर्शियल गैस सिलेंडर एंवम एलपीजी वाहनो में भरे जाने का खुलासा किया गया तथा शासन प्रशासन से कार्रवाई की मांग की गई।

60 फीसदी घरेलू सिलेंडरों का हो रहा व्यावसायिक इस्तेमाल

ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के कार्यकारी संचालक शुभम रंगारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर एक बेहद सुरक्षित और गैर-प्रदूषणकारी ईंधन है। वर्तमान समय में देश में 75 प्रतिशत नागरिक इसका उपयोग घरेलू उपयोग के लिए कर रहे हैं। 60 प्रतिशत घरेलू सिलेंडरों का उपयोग अवैध रूप से व्यावसायिक स्थानों पर किया जा रहा है। इनमें 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडरों का उपयोग 35 प्रतिशत है जबकि 16 किलोग्राम या अन्य व्यवसायिक सिलेंडरों के मामले में 25 प्रतिशत कच्चे बिल का उपयोग खतरनाक तरीके से किया जा रहा है ।उन्होंने बताया कि देश में घरेलू सिलेंडरों का इस्तेमाल एलपीजी वाहनों में भी खतरनाक तरीके से किया जा रहा है। ऑटो एलपीजी वाहनों की दैनिक खपत की तुलना में 70 फीसदी चालक इलेक्ट्रिक मोटर पंप की मदद से बेहद खतरनाक तरीके से घरेलू सिलेंडर में एलपीजी भरते हैं। पहले भी बड़े हादसे हो चुके हैं लेकिन ऑटो एलपीजी पंपों से सिर्फ 30 फीसदी अधिकृत एलपीजी ही बेची जा रही है। आज ऑटो एलपीजी 52रु. रुपये प्रति लीटर बिकता है और इसका माइलेज भी अच्छा है।

# हैहय क्षत्रिय कलचुरी कलार समाज का 12वां निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

## समाज को संगठित कर आयोजन करना बड़े गौरव की बात- विधायक सुदेश राय



सीहोर (निप्र)। स्थानीय अलादाखेड़ी स्टेडियम में कल्चुरी समाज के 21 जोड़ों का 12 वा निशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन सानंद संपन्न हुआ। वरिष्ट समाज सेवी अखिलेश राय एवं लोकप्रिय विधायक सुदेश राय के नेतृत्व में समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान अंगवस्त्र उड़ाकर समिति अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, उपाध्यक्ष बनी राय, सुदर्शन राय, कोषाध्यक्ष परमानंद राय ,सचिव निलेश राय ,सह सचिव डॉ.विजेंद्र जायसवाल सहित समिति के सदस्यो द्वारा किया गया। समाजसेवी अखिलेश राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सहस्त्रबाहु भगवान के वंशज हैं और जिस क्षेत्र में हम जाते हैं उस क्षेत्र में अपना नाम करते हैं और करते रहेंगे ।इस अवसर पर युवक युवती परिचय सम्मेलन भी संपन्न हुआ। विवाह सम्मेलन में लगभग 5000 लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही। सीहोर शहर वरिष्ठ आशीर्वाद दाताओं का भी सम्मान किया गया ।इस अवसर पर राठौर समाज अध्यक्ष रामचंद्र राठौर ,खत्री समाज अध्यक्ष हरिओम वशिष्ठ, सेन समाज युवा अध्यक्ष कमोद सेन ,विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष शैलेंद्र विश्वकर्मा ,रैकवार समाज उपाध्यक्ष राधेश्याम रैकवार का भी सम्मान किया गया ।विवाह नगर पुरोहित पृथ्वीवलभ दुबे एवं सहयोगी पंडितों द्वारा विधि विधान से संपन्न किया गया। इस अवसर पर राम कुटी आश्रम के संत उद्धव दास जी महाराज का शुभ आगमन हुआ और उनका वर वधु को आशीर्वाद मिला। अंत में वर वधु की विदाई समिति के समस्त सदस्यों एवं स्वजाति बंधुओ द्वारा की गई। इस अवसर पर मोहन राय बाबा , सुरेश राय लाइनमैन , किशन राय,मोर सिंह जायसवाल,रमेश राय राम जी, भेरू सिंह जायसवाल , दौलत राम राय,कुमेर सिंह जायसवाल, बृजेश राय ,शिवराय, नरेश राय सुनील कुकराजा, मनीष जायसवाल, पुरुषोत्तम राय, राजेश जायसवाल,अजय राय सचिन राय ,विमल राय, धर्मेंद्र राय, सूरज राय, पंकज राय, सनी राय, शंकर जायसवाल ,अविनाश राय ,अमित राय ,अखिलेश जायसवाल ,देवेंद्र राय ,जितेंद्र राय ,योगेंद्र राय ,सत्यम राय ,गौरव राय, शुभम जायसवाल,सिद्धांत राय, दीपक राय ,यश राय सहित समस्त स्वजातिय बंधु उपस्थित रहे।

# सेवादल कांग्रेस ने किया रविदास जयंति चल समारोह का भव्य स्वागत

### पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार ने पगड़ी बांधकर जांगड़ा समाज का किया सम्मान

आष्टा/सीहोर (निप्र)। संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 648 वी जयंती चलसमारोह पर सेवादल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने डॉ.अम्बेडकर परिसर आष्टा थाने के सामने चलसमारोह का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर सेवादल कांग्रेस के कार्यक्रम में पूर्व नपाध्यक्ष एवं म.प्र.कांग्रेस कमेटी के विशेष आमंत्रित सदस्य एडवोकेट कैलाश परमार ने चलसमारोह अध्यक्ष बलवान सिंह बगाना, कैलाश बगाना, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सुनील फरेला, बाबूलाल जाटव कजलाश सरपंच, माखनलाल कुराडिया, ब्लाक कांग्रेस आष्टा के अध्यक्ष दिलीप आँवले, राजकुमार चौधरी ठेकेदार, घनश्याम जांगड़ा, अहिरवार समाज सम्भाग भोपाल के अध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, राजकुमार केथवाल आदि जांगड़ा समाज का पगड़ी बांधकर सम्मान किया। जयंति अवसर पर कैलाश परमार ने कहा कि संत रविदास जी चाहते थे कि ऐसा चाहू राज में जहाँ मिले सबन को अन्न छोट बड़े, समबसे रविदास रहे प्रसन्न। संत रविदास जी ने बेगमपुरा नगर बसाने की कल्पना की थी, जिसमें कोई भूखा नही सोवे तथा सभी लोग मिलजुलकर रहें। उन्होने रविदास जयंति की सभी को शुभकामनाऐं दी। सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले ने कहा कि संत रविदास आडम्बरों के घोर विरोधी थे, उन्होने समरसता का संदेश दिया। चित्तोड़ की रानी मीरा उनकी प्रिय शिष्य थी, उनको आलोकिक शक्तियाँ प्राप्त थी के बल पर कठोति में गंगा प्रकट करके दिखाई, उनका मानना था कि मन चंगा तो कठोती में से भी गंगा निकाली जा सकती है। खंगराले ने आष्टा क्षेत्र के रविदास समाज को पार्वती पुल के पास दो एकड़ भूमि रविदास धर्मशाला के लिये आवंटन कराने तथा एक करोड़ रूपये की राशि से निर्मित धर्मशाला निर्माण की सराहना करते हुए जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रविदास जी के कथा वाचक सदानन्द महाराज राजेश बांधवाल, सीताराम भारती, राजाराम बड़े भाई, बंशीलाल धनवाल, सरपंचगण जितेन्द्र खेलवाल, पार्वती बाई चौहान, रमेश चौहान, रमेश जांगड़ा, सुनील प्रगति, सुभाष नामदेव, नरेन्द्र कुशवाह, राजेश बनवट, एडवोकेट सुरेन्द्र परमार, एडवोकेट विरेन्द्र परमार सहित बड़ी संख्या में सेवादल कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com